CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -94 | राजनांदगांव, सोमवार 19 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## महाभारत युद्ध के पांडव-कौरव की तरह इस चुनाव में भी दो पाले, शाह ने कांग्रेस को याद दिलाई भ्रष्टाचार की कलंक कथा

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा महासमर को महाभारत के युद्ध से जोड़ते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने पांडवों-कौरवों की तरह सुशासन और कुशासन के दो पाले खींच दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों का बखान करने के साथ ही कांग्रेस और आइएनडीआइए के सहयोगी विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए कलंक कथा भी कार्यकर्ताओं को याद दिलाई। पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन शाह ने ऐसे ही तर्क और संदेश जनता के बीच ले जाने का आव्हान कार्यकर्ताओं से करते हुए कहा कि अब यह जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार की पोषक और तुष्टिकरण करने वाली पार्टियां चाहिए या देश के लिए जान न्योछावर करने वाली भाजपा।




### इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अमित शाह ने तेवर और तर्कों के साथ विपक्ष पर जोरदार वार किए। उन्होंने कहा कि जिस तरह महाभारत की लड़ाई में कौरव और पांडवों के दो खेमे पड़े हुए थे, वैसे ही इस चुनाव में दो खेमे हैं। एक खेमा है मोदी और भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन का और दूसरा खेमा है कांग्रेस के नेतृत्व में सारी परिवावादी पार्टियों के इंडी अलायंस का। देश को दोनों में से एक को चुनना है। इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का पोषक है और भाजपा व एनडीए का गठबंधन राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलने वाला है।

### यूपीए शासन में भ्रष्टाचार का पोषण

देश की जनता को तय करना है कि यह परिवारवादी पार्टियां चाहिए? भ्रष्टाचार की पोषक और तुष्टिकरण वाली पार्टियां चाहिए या देश के लिए जान न्योछावर करने वाली भाजपा चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस कांग्रेस के नेतृत्व में बना है। इस देश में भ्रष्टाचार की जनक कांग्रेस है और भ्रष्टाचार का पोषण भी कांग्रेस ने किया है। यूपीए शासन काल के घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक ओर लाखों-करोड़ों के घोटाले करने वाली कांग्रेस है और दूसरी ओर पीएम मोदी के रूप में ऐसा नेतृत्व, जिन पर 23-23 साल से राज्य और केंद्र सरकार में मुखिया रहने के बाद भी हमारे विरोधी तक एक काली पाई का आरोप न लगा सकें।

### भ्रष्टाचारियों पर कसी नकेल

देश की जनता को तय करना है कि देश का भविष्य भ्रष्टाचारियों के हाथों में सौंपना है या नख-शिख प्रमाणित व्यक्तित्व प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में। कांग्रेस के साथ ही उन्होंने आइएनडीआइए के सहयोगी विपक्षी दलों को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि जब कांग्रेस इतना भ्रष्टाचार करती है तो साथी भला क्यों बाकी रहेंगे। आम आदमी पार्टी ने ढेर सारे घोटाले किए। आज उनका सारा नेतृत्व कोर्ट और एजेंसियों से भागता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### देशभर के प्रतिनिधियों को शाह का संदेश

पूरे देश में कहीं संशय नहीं है, देश ने तय किया है कि मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। दलित, आदिवासी और पिछड़ों का उपयोग वोटबैंक के रूप में कांग्रेस और इंडी अलायंस वालों ने खूब किया, लेकिन पहली बार उनको सम्मान और हिस्सेदारी भाजपा की मोदी सरकार ने दी। देश का लोकतंत्र कई सालों तक भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण के नासूरों से ग्रसित रहा। पहली बार मोदी ने इस राजनीति को खत्म कर पालिटिक्स आफ परफार्मेंस को स्थापित किया है। पीएम मोदी ने पहली बार देश को गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाई, जिसकी शुरुआत आजादी के दूसरे दिन से होनी थी। उग्रवाद, आतंकवाद और नक्सलवाद देश को चार दशक से परेशान कर रहे थे। अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। 140 करोड़ जनता के बीच संदेश लेकर जाएं कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं, हमारा अर्थ तंत्र भी दुनिया में तीसरे नंबर पर आ जाएगा।

## आज से युद्धाभ्यास मिलन की मेजबानी करेगा भारत, युद्धपोतों व विमानों का बेड़ा महासागर में करेगा सैन्य अभ्यास

विशाखापत्तनम। भारतीय नेवी 50 देशों के साथ सोमवार से युद्धाभ्यास करेगी। यह युद्धाभ्यास 27 फरवरी तक रहेगा। नौसैनिक युद्धाभ्यास मिलन-24 में 18 युद्धपोतों और विमानों का बेड़ा महासागर और बंदरगाह में अभ्यास करेगा।

भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि अब तक सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया था। जिसमें 50 देशों ने आने का समर्थन दिया है। इस नौ दिवसीय सैन्य अभ्यास में महासागर को सुरक्षित रखने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर राजनीति को परखा जाएगा। बता दें यह सैन्य अभ्यास मिलन-24 का 12वां संस्करण है। पूर्वी नेवी कमांड ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके वियतनाम के कोरवेट-20 जहाज और अमेरिका के यूएसएस हलसे (डीडीजी-97) का स्वागत किया। दोनों देशों के युद्धपोत विशाखापत्तनम पहुंच गए हैं।



### भारत अमेरिका से ड्रोन खरीद सकते हैं

भारत और अमेरिका के बीच एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा होने की उम्मीद है। इस संबंध में आर हरि कुमार ने कहा कि यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने को लेकर रक्षा अधिग्रहण परिषद ने मंजूरी दे दी है।

अगले कुछ महीनों में इस रक्षा सौदे पर दस्तखत होने की संभावना है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि संकट में आए लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें बीते दिनों सोमालिया के लुटेरों ने विभिन्न देशों के मछुआरों की नावों पर कब्जा किया था। लुटेरे इन नौकाओं का इस्तेमाल बड़े जहाजों को लूटने में करते हैं। भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों का हथियार समेत समर्पण कराया। साथ ही नावों के चालक दल के सदस्यों को रिहा किया है।







## भाजपा ने अपने संविधान में किया बदलाव, पार्टी अध्यक्ष पर फैसला ले सकेगा संसदीय बोर्ड

नई दिल्ली। भाजपा ने पार्टी संविधान में बदलाव किया गया है। इसके तहत पार्टी का संसदीय बोर्ड आपातकालीन परिस्थितियों में कार्यकाल और उसके विस्तार सहित भाजपा अध्यक्ष से जुड़े फैसले ले सकेगा।

भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के आखिरी दिन संविधान में बदलाव का प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव पार्टी महासचिव सुनील बंसल की ओर से पेश किया गया। पार्टी के मौजूदा संविधान के अनुसार, कम से कम 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। राज्य भाजपा संगठन का चुनाव जिला निकायों आदि के चुनावों पर भी निर्भर है।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी जब विधानसभा या लोकसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त रहती है



तो आंतरिक चुनावों के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना कठिन होता है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक के लिए ब?ा दिया गया है। हालांकि पार्टी ने संशोधन के पीछे विवरण और वजह के बारे में विस्तार से नहीं बताया है। लेकिन, सूत्रों ने कहा कि इसका ताल्लुक उसके अध्यक्षों की भविष्य की नियुक्तियों से हो सकता है।

### ऐसे होता है अध्यक्ष का चुनाव

भाजपा के संविधान की धारा 19 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की पूरी प्रक्रिया बताई गई है। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय परिषद करती है। हालांकि भाजपा में अभी तक आम सहमति से ही अध्यक्ष बनते आए हैं और चुनाव की नौबत नहीं आई। भाजपा का अध्यक्ष बनने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहे। अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल में राष्ट्रीय परिषद और प्रदेश परिषद शामिल होती हैं। निर्वाचक मंडल के कुल 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष की योग्यता रखने वाले व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव कम से कम 5 ऐसे प्रदेशों से भी आना जरूरी है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल ने 'डबल इंजन' सरकार को बताया बेरोजगारी की 'डबल मार'

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'डबल इंजन' सरकार के नारे पर वार करते हुए आज कहा कि मोदी राज में बेरोजगारी चरम पर है और 'डबल इंजन' सरकार का मतलब बेरोजगारी की डबल मार हो गया है।



श्री गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए आज यहां जारी एक बयान में कहा, डबल इंजन सरकार मतलब बेरोज़गारों पर डबल मार। आज बेरोज़गारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी होल्डर्स लाइन लगा कर खड़े हैं।

उन्होंने कहा, पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो रिजल्ट का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर ज्वॉइनिंग के लिये कोर्ट का चक्कर। सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों इंतज़ार कर लाखों छात्र की ओवर एज हो चुके हैं। निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र डिप्रेशन का शिकार होकर टूट रहा है और इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं पुलिस की लाठियां।

श्री गाँधी ने कांग्रेस सरकार बनने पर सबको न्याय देने की बात करते हुए कहा, एक छात्र के लिए नौकरी सिर्फ आय का साधन नहीं, बल्कि अपने परिवार का जीवन बदल देने का सपना है और इस सपने के टूटने के साथ पूरे परिवार की आस टूट जाती है। कांग्रेस की नीतियां युवाओं के सपनों के साथ न्याय करेंगी, हम उनकी तपस्या व्यर्थ नहीं जाने देंगे।




## राममय है संपूर्ण भारत, मंदिर निर्माण देश के लिए गौरवशाली उपलब्धि, भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित



नई दिल्ली। राम मंदिर निर्माण को राजनीतिक प्रस्ताव में भी स्थान देते हुए भाजपा ने इस पर अलग से प्रस्ताव पारित किया। पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन लाए गए इस प्रस्ताव में भावनाएं व्यक्त की गई कि अयोध्या में मंदिर निर्माण से आज सारा देश राममय है और यह देश के लिए गौरवशाली उपलब्धि है। राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जयश्री राम का नारा लगाते हुए रखा।

उन्होंने कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए गौरवशाली उपलब्धि है। यह नए कालचक्र के उद्भव के साथ भारत के लिए अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत में राम राज्य की स्थापना का उद्घोष है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (क्क्रू रूस्रस्रद्ब) को इसका श्रेय देते हुए पार्टी की ओर से श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए उनका अभिनंदन किया गया। नड्डा ने कहा, श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव राष्ट्रोत्सव की रूप में मनाया गया, जो नए युग की शुरुआत बनकर उभरा है। यह भारत के दर्शन-दिग्दर्शन और राष्ट्र चेतना का मंदिर बन गया है। हर भारतीय आल्हादित है।

### पीएम मोदी ने ऐतिहासिक क्षण को दी भव्यता

उन्होंने कहा कि संस्कृतिप्रधान देश में पीएम मोदी ने ऐतिहासिक क्षण को भव्यता दी। भाजपा का यह संकल्प था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। नौ नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का गठन किया, जिसके परिणामस्वरूप मंदिर निर्माण का कार्य त्वरित गति से चला और महज चार वर्ष में मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। यह महान भारत की यात्रा की शुरुआत है। यह दुनिया भर में फैले भारतीयों के लिए पवित्र दिन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईडी की वजह से ही भाजपा में शामिल हो रहे दूसरे दलों के नेता

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई नेताओं से मिले, इस दौरान बेहद हल्के फुल्के मूड में ही अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर हम ईडी को रोक दें और मनी लॉड्रिंग जैसे एक्ट हटा दें तो कोई भी बीजेपी में नहीं जाएगा। अगर दूसरे दलों के नेता बीजेपी में जा रहे हैं तो इसके लिए सिर्फ ईडी जिम्मेदार है।



**अरविंद केजरीवाल बोले- एजेंसी को रोकें फिर शिवराज और वसुंधरा भी...**

### बीजेपी नेता ही छोड़ेंगे पार्टी

केजरीवाल ने कहा कि आज अगर हम ईडी और पीएमएलए सेक्शन 45 (धन शोधन निवारण अधिनियम) को हटा दें तो बीजेपी में मौजूद आधे नेता ही सबसे पहले बीजेपी छोड़ेंगे और फिर होगा ये कि दूसरे दलों के नेता भी बीजेपी में शामिल नहीं होंगे, बीजेपी में अगर दूसरे दलों के नेता जा रहे हैं तो इसके लिए सिर्फ ईडी जिम्मेदार है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शरद पवार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, चुनाव आयोग के फैसले को दी है चुनौती

इंदौर। चुनाव आयोग ने अजीत पवार गुट को असली राकांपा का दर्जा देने के बाद शरद पवार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस पर सुनवाई कर सकता है।



सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को यह सहमति जताई थी कि इस याचिका को तत्काल सूचीबद्ध किया जाए। आयोग ने छह फरवरी को यह फैसला सुनाया था कि अजीत पवार के गुट को ही राकांपा का चुनाव चिह्न घड़ी मिलेगा। उसके बाद बाद महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने भी 15 फरवरी को फैसला अजीत पवार के पक्ष में ही सुनाया। शरद पवार ने राहुल नार्वेकर के फैसले के मद्देनजर सुप्रीम में तत्काल सुनवाई की मांग कर दी थी।

### नार्वेकर ने माना असली राकांपा

नार्वेकर का यह मानना था कि अजीत पवार गुट की ही राकांपा असली है। संविधान में दलबदल विरोधी प्राविधानों का उपयोग पार्टी के अंदर चल रही खींचतान को दबाने के लिए नहीं कर सकते हैं।ह

## एक महीने में विपक्ष के कई बड़े नेता भाजपा में होंगे शामिल, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का दावा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता कमलनाथ के भाजपा में आने की अटकलें लगाई जा रही हैं। उनके साथ-साथ एक अन्य बड़े कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के भी भाजपाई खेमे में आने की चर्चा जोरों से चल रही है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया है कि अगले एक महीने के अंदर विपक्ष के कई बड़े नेता भाजपा ज्वाइन करेंगे। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद-विधायक और बड़े नेता शामिल होंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष के भी अनेक नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को देश को आगे बढ़ाने के लिए सही मानते हैं। वे अपनी पार्टीगत बाध्यताओं के



चलते खुलकर अपनी बात नहीं रख पाते, लेकिन उनकी आस्था प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में है। यही कारण है कि वे अपनी-अपनी पार्टियों को छोड़कर भाजपा में आ सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की यह बात इस अर्थ में बेहद महत्वपूर्ण है कि पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए इस लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जिताने का लक्ष्य दे रखा है। भाजपा पहले ही अपने सर्वोच्च स्तर पर है। ऐसे में माना जा रहा है कि 370 सीटें जीतने का लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है, जब विपक्षी दलों के कई बड़े नेता भाजपा में आ जाएं और वे अपने प्रभाव वाली सीटों पर भाजपा को जिताने का काम करें।

### दक्षिण भारत के कुछ दलों को साथ लाने की कोशिश

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बातचीत उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत के कई राज्यों के बड़े नेताओं से भी चल रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा में जाने की अटकलों को नवजोत सिंह सिद्धू ने नकारा, पंजाब और केंद्र सरकार पर निकाली भड़ास; बोले- 'शेख चिल्ली है मान'



पटियाला। किसानों को समर्थन देते हुए पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि सभी किसानों को इकट्ठे होकर अपनी मांगों को मनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा का देश के अन्नदाता को अपनी मांगों को मनाने के लिए सड़कों पर भटकना पड़ रहा है। इस दौरान सिद्धू ने कांग्रेस छोड़ने की सभी अटकलों से इन्कार किया है। वहीं, केंद्र द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने और एमएसपी के वादे पर भाजपा को आड़े हाथों लेने के साथ-साथ सीएम भगवंत मान को बिचौलिया कहते हुए केंद्रीय मंत्रियों से साठगांठ के आरोप भी लगा दिए।

### मनमोहन सिंह के समय कंट्रोल में थी महंगाई

सिद्धू ने कहा कि खाने वाला तेल जो 77 रुपये में था, आज 210 का है। यानी कि 130 प्रतिशत महंगा हो गया। सिलेंडर 300 से 1100 रुपये हो गया है। पेट्रोल-डीजल पर सभी चीजों के रेट कम ज्यादा होने पर निर्भर करता है। मनमोहन सिंह के समय महंगाई कंट्रोल में थी। इतनी महंगाई के बाद भी किसान की आय 10 साल में 1400 से 1800 रुपए हुई। एमएसपी पर हर साल 40 रुपये और चुनावी साल में 100 रुपये बढ़ा दिए जाते हैं। इस पर भी 30 प्रतिशत दाम बढ़ा दिए, वह भी नकली मार्किट में बेचे गए। (शेष पृष्ठ 6 पर..)

## भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर बोले कमलनाथ- मेरी तो कहीं बात नहीं हुई



भोपाल/नई दिल्ली। भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि मेरी तो कहीं बात नहीं हुई। मध्यप्रदेश से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक गलियारों में करीब एक हफ्ते से कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और इंदिरा गांधी तीसरे बेटे कहे जाने वाले कमलनाथ और उनके बेटे भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले हैं। इसी बीच रविवार को दिल्ली में कमलनाथ ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि मेरी तो कहीं बात नहीं हुई।

CMYK

# बाइक चलाते समय पुलिसकर्मियों को भी पहनना होगा हेलमेट, नहीं तो होगी चालानी कार्रवाई, एसपी ने जारी किया आदेश



रायपुर। राजधानी में हेलमेट बिना पहने दोपहिया चलाते और बिना सीट बेल्ट बांधे कार चलाते हुए अगर कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी पकड़े जाएंगे तो उन पर चालानी कार्रवाई के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी होगी। लगातार वर्दीवालों के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद यह आदेश जारी किया गया है।

दरअसल, यातायात पुलिस आम नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन तो करा रही लेकिन वर्दीवालों पर सख्ती नहीं बरतती। ऐसे में खुद को आइडिएल बनाने रायपुर कप्तान ने जिला पुलिस बल के लिए फरमान जारी किया है। इसमें साफ निर्देश हैं कि पुलिस के कर्मचारी-अधिकारी ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें। यदि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करते कोई भी पाया गया तो चालानी के साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी। एसपी के इस निर्देश के बाद यातायात अमले ने चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर वर्दीवालों की धरपकड़ करने की योजना बनाई है।

### पुलिसकर्मी नहीं पहनते हैं हेलमेट

जिले में अक्सर यह देखा जाता है कि दोपहिया या चार पहिया वाहन चलाते समय ज्यादातर पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हेलमेट नहीं पहनते और न ही सीट बेल्ट बांधते है। चौक-चौराहे पर तैनात यातायात के अधिकारी-कर्मचारी भी वहां से गुजरने वाले ऐसे वर्दीवालों को न रोकते है न टोकते है,वहीं आम दोपहिया सवार अगर हेलमेट नहीं पहना होता है तो उसे तत्काल रोककर चालान थमा दिया जाता है।यातायात अमले की इस एकतरफा कार्रवाई को भांपकर पुलिस कप्तान ने वर्दीवालों से भी हेलमेट पहनकर दोपहिया चलाने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट का उपयोग करने की अपील की है।

### अब नहीं चलेगी आटो चालकों की मनमानी

यातायात डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि शहर की सड़कों के साथ रिंग रोड व सर्विस रोड पर खड़े ट्रक,आटो के कारण यातायात बाधित होने की शिकायत पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।अब शहर के भीतर जाम के लिए जिम्मेदार आटो व ई रिक्शा चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की तैयारी है।चालान काटने के साथ ही पुलिस थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज भी कराया जायेगा।इसी क्रम में रिंग रोड पर बेतरतीत ढंग से खड़े 14 ट्रकों के साथ नौ आटो रिक्शा को जब्त कर उनके चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया है।

### आईजी के निर्देश पर कार्रवाई

रेंज आइजी अमरेश मिश्रा ने पिछले दिनों बैठक लेकर राजधानी की यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के निर्देश देते हुए यातायात पुलिस के अधिकारियों को ट्रैफ़िक नियमों की अनदेखी करने वाले आम से लेकर खास लोगों पर सख़्ती बरतने को कहा है। इसी कड़ी में आम नागरिकों से पहले पुलिसकर्मियों से यातायात नियमों के अनुशासन का पालन कराकर आइजी व एसपी यह संदेश देना चाह रहे हैं कि पहले खुद सुधरे फिर दूसरों को सुधारने का काम करें। इससे नागरिकों के बीच पुलिस खुद आदर्श स्थापित कर पाएगी।

### खुद को आदर्श स्थापित करें : एसपी

एसपी संतोष सिंह का कहना है कि यह स्थिति क़तई सही नहीं है कि, वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मी स्वतः ट्रेफ़िक नियमों का पालन ना करे। हम नागरिकों के बीच अभियान चलाएं, कड़ाई करें उससे पहले यह ज़रूरी है कि हम खुद को आदर्श के रुप में स्थापित करें।

# धर्मांतरण के खिलाफ नया कानून लाएगी विष्णुदेव सरकार; 60 दिन पहले डीएम को देनी होगी ये जानकारी, नहीं तो...



**रायपुर। धर्मांतरण से जूझ रहे छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को रोकने के लिए जल्द ही कानून बनाया जाएगा। विष्णुदेव सरकार शीघ्र ही धर्म स्वतंत्र विधेयक लाएगी। बिल का डॉफ्ट लगभग बनकर तैयार है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि धर्मांतरण रोकने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार नया कानून लाएगी। विधानसभा के इसी सत्र में धर्म स्वतंत्र विधेयक लाया जाएगा।**

मंत्री ने कहा कि बहुत सारी ऐसी शक्तियां हैं, जो कि विदेशी फंड के आधार पर छत्तीसगढ़ की डेमोग्राफी और इकोलॉमी को बर्बाद करने की कोशिश कर रही हैं। प्रलोभन और लालच के माध्यम से शासन को बिना सूचना दिए धर्मांतरण कराते हैं। इससे समाज में विवाद और विद्वेष फैलता है। इस पर कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि कानून लाए पर कानून के नाम पर किसी को प्रताड़ित करना उचित नहीं होगा। दूसरे धर्म में जाने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को कम-से-कम 60 दिन पहले एक फॉर्म में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देनी होगी। उसे कलेक्टर के पास जमा करना होगा। इसके बाद जिला डीएम से धर्मांतरण के वास्तविक इरादे, कारण और उद्देश्य का आकलन करने के लिए कहेगा। इतना ही न हीं धर्मांतरण करवाने वाले व्यक्ति को भी एक फॉर्म भरकर जिलाधिकारी के पास जमा करना होगा। मसौदे में यह भी कहा गया है कि बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव डालकर, प्रलोभन देकर या किसी कपटपूर्ण तरीके से या फिर विवाह से एक धर्म से दूसरे धर्म में रूपांतरण नहीं किया जा सकता है। अगर इसकी जानकारी जिलाधिकारी को मिलती है तो वह इस धर्मांतरण को अवैध घोषित कर सकता है। इतना ही नहीं धर्मांतरण करने वाले हर व्यक्ति का पंजीकरण कलेक्टर के पास कराना होगा।

### ये है सजा और जुर्माने का प्रावधान

धर्मांतरण पर आपत्ति जताने पर धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति से रक्त या गोद लेने संबंधी जुड़ा हुआ व्यक्ति इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही यह केस गैर-जमानती होगा और यह सत्र अदालत की ओर से सुनवाई योग्य होगी। कोर्ट धर्म परिवर्तन के पीड़ित को 5 लाख रुपए तक का मुआवजा मंजूर कर सकता है। नाबालिग, महिलाओं या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लोगों का अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने वालों को कम-से-कम दो साल और अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। वहीं कम से कम 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लग सकता है। सामूहिक धर्म परिवर्तन पर कम से कम तीन साल और अधिकतम 10 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना भी लग सकता है।

## पहला कॉलम...

### चाकू सहित मौके पर पकड़ाये आरोपी के घर से मिली अवैध शराब



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूलदेव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जरिया मोबाइल से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम पालंदुर में एक व्यक्ति चाकू लिए हुए ग्रामीणों को डरा धमका रहा है उसे सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे आरोपी राजकुमार चेलक के कब्जे से चाकू बरामद कर संदेही के घर की तलाशी लेने पर अवैध शराब पाया गया। आरोपी के विरुद्ध 25 आम्स एक्ट एवं 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर रिमांड में आरोपी को जेल भेजा गया।

### स्थायी वारंटी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

**चोरी के फरार आरोपी का पता तलाश कर किया गिरफ्तार**

डोंगरगांव (दावा)। थाना डोंगरगांव दिनांक 18 फरवरी को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में न्यायालय से प्राप्त स्थायी वारंट आरोपी जो कि न्यायालय द्वारा जारी पेशी दिनांक मे उपस्थित ना होने से बेवजह प्रकरण लंबित रहा, जिससे न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटी आरोपी जिसकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था, इस दौरान पता तलाश के स्थायी वारंटी आरोपी भावेश कुमार उर्फ राहुल साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू, उम्र 23 साल, पता- वार्ड नं0 41 शिव चौक थाना पदनाभपुर, जिला दुर्ग, छ0ग0, को दिनांक 18 फरवरी गिरफ्तार किया गया जिसे राजनांदगांव न्यायालय पेश किया गया है। थाना डोंगरगांव स्टॉफ उपनिरीक्षक बेदराम चंद्रवंशी, आरक्षक योगेश साहू, आरक्षक करीम अंसारी, महिला आक्षक अभिलाषा सिंह की विशेष भूमिका रही है ।

### बोहरु राम साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सिंघोला निवासी बोहरुराम साहू का 17 फरवरी को तकरीबन प्रातः 5:00 बजे दिन शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी दिन शनिवार दोपहर 12:00 उनके निज निवास स्थान ग्राम सिंघोला से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार ग्राम सिंघोला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

# सद्बुद्धि यात्रा की शुरुआत, जीवनदान सेवा संस्था ने समस्त लोगों को हर अपराध का मुंह तोड़ जवाब देने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। पूरे देश में बेटियों के साथ रेप एवं हत्या के मामले में बढ़ते प्रकरण, अपराधियों के मनोबल को बढ़ते देख संस्था ने लोगों को जागरूक करने के लिए एवं न्याय व्यवस्था में सुधार के साथ कडे कानून जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए संस्था ने सदबुद्धि जागरूकता यात्रा की शुरुआत 18 फरवरी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल ने बताया संस्था 2020 से बेटियों के हित एवं न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसके लिए संस्था पीड़ित परिवार के साथ सुप्रीम कोर्ट तक गई है सारे गवाह सबूत होने के बाद भी पीड़ित परिवार को सही न्याय नहीं मिला जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ाते क्रम में है और रेप और हत्या जैसे मामले बढ़ते क्रम पर है जिसके लिए कानून में जमीनी स्तर पर कार्य करने और अपराधियों का मनोबल तोड़ने के लिए सख्त कानून के अति आवश्यक है तब जाकर ऐसी घटना पर अंकुश लगाया जा सकेगा अन्यथा या घटना हमेशा बढ़ते क्रम पर रहेगी संस्था सद्बुद्धि यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरुक कर आसपास में हो रहे अपराधिक घटनाओं पर लोगों से उनका विरोध करने की एवं जो परिवार अपने इज्जत एवं विभिन्न प्रकार के डर के कारण आगे नहीं आते, उन्हें मजबूती से आगे आने की अपील की।

इस सद्बुद्धि यात्रा में मार्ग मे आने वाले विभिन्न चौक चौराहा पर राजनीतिक दलों एवं ग्राम सुकुल दैहान, टेकाहल्दी, मुसरा, बेलगांव जैसे अन्य गांव पर संस्था का स्वागत कर ग्रामवासी इस यात्रा के उद्देश्य को समझा और संस्था के साथ इस नेक कार्य में कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने आसपास में हो रहे हर अपराध को मुंहतोड़ जवाब देने का आश्वासन दिया, जिसमें मार्ग के सभी ग्रामों में ग्रामीणजनों, सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों ने स्वागत कर अभिवादन किया सद्बुद्धि यात्रा की शुरुआत करने के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राजबहादुर सिंह, जिला राजनांदगांव से 2 रेप केश में अपराधियों को फॉसी तक पहुंचने वाले अधिवक्ता परवेज अख्तर मोमिन, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके का विशेष योगदान था, पीड़ित परिवार के परिजन, समाजसेविका कांति मौर्य के साथ संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रलाल जंघेल प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण वैष्णव, रौनक बाफना संस्था के डोंगरगांव अध्यक्ष शांतिलाल शंडिल, अमित चौहान, यशवंत देवागंन, प्रवीण जंघेल, चंदन साहू, पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, ऋषभ मल्ल, शिव वर्मा, वाई के साहू, पुष्प लता सेरूवा, विनोद तेंबुलकर, यामिनी तेंबुलकर, पूनम साहू, मलिखम कोसरे, मेजर सिंह, प्रतिमा मानिकपुरी, असमय देवांगन, कृष्णा खरे पूर्व उपसरपंच, कमल निर्मलकर सरपंच मुसरा, नीतू मानिकपुरी, रूपाली मोर, कमल नारायण साहू अशोक साहू, शिव साहू तिजेंद्र निषाद बबलू साहू झगेंद्र निर्मलकर, तेज प्रताप सिंह राजपूत, कमलेश वर्मा, मोनू वर्मा एवं ग्रामवासी आदि लोग शामिल हुए।

# दिग्विजय महाविद्यालय में आनंद मेले में विद्यार्थियों में रहा उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आनंद मेला का आयोजन प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर की मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। आनंद मेले का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आनंद मेले में विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक भाग लेना उनकी रुचि को दर्शाता है तथा पढ़ाई के साथ-साथ यह भी एक व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। इस आनंद मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा कुल 35 स्टॉल लगाए गए। उक्त स्टाल में गुपचुप, भेल, अप्पे, पान शेक, कटोरी चाट, बस्तर का मड़िया पेज, सूरत की आलू पूरी, गाजर का हलवा, पाव भाजी, सैंडविच, चाइनीस पकोड़े, छत्तीसगढ़ी व्यंजन में भजिया, चौसेला, फरा तथा विभिन्न प्रकार के गेम के स्टाल लगाए गए। इस अवसर में छात्र-छात्राओं में बहुत उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर बर्फ गोला का स्टॉल रू. 2500 लगाकर 13000 रुपए का लाभ प्राप्त किया वहीं नींबू चम्मच और माइंड गेम का स्टॉल लगाकर बच्चों ने रू. 50 की लागत से रू 1500 का लाभ प्राप्त किया। आनंद मेले के प्रति विद्यार्थियों में भरपूर उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने महिला प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. मीना प्रसाद एवं सदस्यों डॉ आराधना गोस्वामी, डॉ. प्रियंका सिंह, प्रोफेसर मंजरी सिंह, डॉ किरण जैन, डॉ. अनीता शाह को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य तथा संयोजक डॉ. मीना प्रसाद एवं महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा उपस्थित रहे एवं छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते रहे। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. मीना प्रसाद द्वारा बताया गया कि आयोजन मेले में कुल 35 स्टॉल लगाये गये थे जिसमें कुल राशि 65890 के सामग्रियों की बिक्री हुई एवं विद्यार्थियों ने लागत के रुप में 38389 हजार लगाये गये थे। इस प्रकार कुल राशि 27501 की शुद्ध आय विद्यार्थियों को हुई। यह आनंद मेले की सफलता हो दिखाती है। आनंद मेले की आयोजक महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मीना प्रसाद ने इस सफलतम आयोजन के लिए महाविद्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

# संतों के बताएं उपदेश अमृत के समान हैं-कुलबीर सिंह

**त्रिदिवसीय संत समागम एवं प्रवचन में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष**



राजनांदगांव (दावा)। कबीर पंथी साहू समाज व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संत सम्राट सद्गुरू कबीर साहेब की असीम कृपा सें ग्राम खुटेरी में तीन दिवसीय सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। सात्विक चौकी आरती महंत मनहरण साहेब के सानिध्य में हुआ। रविवार को संत समागम प्रवचन सुनने व संत साहेब जी से आर्शीवाद लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पहुंचे।

संत समागम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संतों के समागम व उनके दिव्य प्रवचनों का सुनने का मौका मिला जिसके लिए संत साहेब जी को शत-शत प्रणाम करता हूं।

श्री छाबड़ा ने सदगुरू कबीरदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीरदास अपना पूरा जीवन समाज की बुराइयों को दूर करने में लगा दिया।

संत शिरोमणी कबीरदास महज एक नाम नहीं हैं वह मानवता की एक पूरी मिसाल हैं, मानव को मानवता की ओर ले जाने में संत कबीर दास का अहम योगदान रहा है। युगदृष्टा संत कबीर दास ने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक, आध्यात्मिक जीवन में अतुलनीय योगदान है उनकी एक-एक बात अनमोल है उनकी वाणी को संकल्प के साथ अपने जीवन में आत्मसात करें उनके बताएं मार्ग पर चले। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, पार्षद मनीष साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी निर्मलकर, नील निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
17th Feb to 22nd Feb 2024




Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराना तय - शरद सिन्हा

**कहा - कांग्रेस की पराजय के लिए यह योजना ब्रह्मास्त्र का काम करेगी**



राजनांदगांव (दावा)। रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड नम्बर 26 गोल बाजार क्षेत्र के जुझारू पार्षद शरद सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार की महतारी वंदन योजना से आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश के सभी 11 सीटों पर भाजपा का झंडा फहराना तय है उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कारारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस हासिये पर चली गई है। उन्हें लोकसभा चुनाव के पहले अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है।

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत और छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णु देव साय नीत डबल इंजन की सरकार से कांग्रेस पूरी तरह घबराई हुई है वह अकेले तो नहीं लेकिन अपने गठबंधन के सहारे भाजपा को हारने की कोशिश में तो नहीं लेकिन भाजपा का थोड़ा बहुत ग्राफ गिराने की कोशिश में लगी हुई है। कांग्रेस को मालूम है कि उनकी हार इस बार 2019 के चुनाव से भी भयानक तरीके से होने वाली है। यह जानते हुए भी चुनाव लड़ने की हिम्मत जुटाना निश्चित रूप से उनकी बहादुरी है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि इस योजना से सबसे ज्यादा लाभ गरीब, माध्यम, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की गरीब मध्यम वर्गीय महिलाओं को मिलने वाला है।

आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को इस योजना की पहली किस्त 1000 रुपये महिलाओं के बैंक खाते में डाल दी जाएगी। मोदी की गारंटी पर प्रदेश भर की महिलाओं को भरोसा है। कि विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पुनः स्थायित्व प्रदान करना है।

# सद्बुद्धि विनती जागरूकता यात्रा का स्वागत अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा विभिन्न स्थानों पर



राजनांदगांव(दावा)। विश्व मे व्याप्त सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के विरोध में जनजागरूकता के लिए समिति के द्वारा यात्रा निकाली गई। विशेष रूप से पशुओं पर अत्याचार, महिलाओं पर प्रताड़ना और अनाचार की घटनाएं हमारे समाज को दूषित कर दूसरे दर्जे की मानसिकता को जन्म देने का कार्य कर रही है। मानव समाज मे सामाजिक अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। छोटी बच्चियों पर अत्याचार और अनाचार की घटनाओं पर अंकुश लगाना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है।

इन्ही सब भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आज राजनांदगांव से डोंगरगढ़ तक समिति के सदस्यों सहित सामाजिक जनों ने यात्रा निकाल कर सद्बुद्धि विनती की अपील की जिसमे मार्ग के सभी ग्रामों में ग्रामीणजनों, सामाजिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने स्वागत कर अभिवादन किया।

इसी क्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके द्वारा अपनी बात को रखते हुए सभी कार्यो की सराहना की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री मलिखम ने अध्यक्ष के माध्यम से हमेशा सहयोग देने का वचन दिया। यात्रा में प्रमुख रूप से महेंद्र लाल जंघेल प्रदेश अध्यक्ष, हरिश भानुसाली प्रदेश महासचिव, भरत भुषण वैष्णव प्रदेश उपाध्यक्ष, अभय जंघेल प्रदेश उपाध्यक्ष, आंनद मुंदड़ा प्रदेश कोषाध्यक्ष, मलिखम कोसरे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रविन्द्र रामटेके जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, शिव वर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सुकुलदैहान से अषमे देवांगन, कृष्णा खरे पूर्व उपसरपंच, श्रीमती कांति मौर्य समाजसेवी, श्रीमती रेवती यादव, टेकाहल्दी से मेजर सिंह, नरेन्द्र सिंह, तेजप्रताप सिंह राजपूत, कमलेश वर्मा, झगेन्द्र निर्मलकर, मोनू वर्मा, सतीश निर्मलकर, मुसरा से कमल निर्मलकर सरपंच, कमल नारायण साहू, अशोक साहू, शिव साहू, तिजेन्द्र निषाद, बबलू साहू आदि लोग शामिल हुए।

# इस्तीफा फर्जी ! पालिका अध्यक्ष ने विधायक व संगठन के नेताओं के साथ थाने में की शिकायत सीएमओ के खिलाफ

खैरागढ़ (दावा)। शनिवार को इस्तीफे के घटनाक्रम के बाद पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा व कांग्रेस संगठन के नेताओं के साथ थाने पहुंच कर लिखित में शिकायत दर्ज कराई। खैरागढ़ थाना प्रभारी को सौपे शिकायत पत्र में पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने सीएमओ प्रमोद शुक्ला व अन्य के विरुद्ध शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा का हस्ताक्षरयुक्त लेटर पैड नगर पालिका के अध्यक्ष कक्ष में रखा हुआ था। जिसे उनकी जानकारी के बगैर इस्तीफे का मजमून तैयार कर अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को भेजा गया है।

पत्रकार वार्ता में खैरागढ़ थाने में सौंपे शिकायत पत्र की कॉपी वितरित कर बताया गया, कि नगर पालिका अध्यक्ष ने कभी इस्तीफा दिया ही नहीं है। 13 फरवरी को शैलेंद्र वर्मा अपने बच्चों का इलाज कराने डॉ. अनिल जैन के क्लीनिक भिलाई गए हुए थे और इस दिन पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने नगर पालिका में कदम तक नहीं रखा है। जिसके लिए पालिका के सीसीटीवी कैमरे की जांच करने की मांग की गई है। कूट रचना कर इस्तीफे का कागज तैयार किया गया है जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। मामले की जांच व पुलिस कार्रवाई के लिए विधायक यशोदा वर्मा सहित कांग्रेसियों ने थाने में आवेदन किया है।

### सीएमओ सहित पालिका के कर्मचारियों पर लगाया षड्यंत्र का आरोप

0 पत्रवार्ता लेकर पालिका अध्यक्ष ने कहा मेरे खिलाफ चल रही है साजिश
0 विधायक ने कहा न्याय नहीं हुआ तो कोर्ट भी जाएंगे



### कांग्रेस को कमजोर करने पालिका अध्यक्ष के खिलाफ षड्यंत्र- विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा

पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को कमजोर करने पालिका अध्यक्ष पद मुक्त करने की नीयत से एक बड़ा षड्यंत्र रचा गया है।। 13 फरवरी को अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा भिलाई अपने बच्चों को उपचार के लिए गए थे, जिसका पूरा प्रमाण है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि यह बीजेपी का षड्यंत्र है। अगर जांच में कोताही हुई और न्याय नहीं मिला तो हम कोर्ट जाएंगे वहीं वार्ता में सवाल का जवाब देते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि यह कांग्रेस के खिलाफ गंभीर साजिश है, मैं विधानसभा में ध्यान आकर्षण में यह मुद्दा उठाऊंगी।

कांग्रेस नेता व अधिवक्ता मनराखन देवांगन ने कहा कि अगर इस्तीफा देते तो इसे सार्वजनिक किया जाता है, यह पूरा षड्यंत्र है इसलिए बात दबी-छुपी रही। उन्होंने पूरे मामले में नगर पालिका अधिनियम की धारा 41 (ख) का हवाला देते हुये बताया कि इस्तीफा अनैतिक और षड्यंत्रकारी है। सोमवार को रायपुर अवर सचिव के पास जाएंगे वहीं कलेक्टर से भी मामले की जांच के लिए निवेदन किया जाएगा। पत्रवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखम चंद छाजेड़ ने भी अपना पक्ष रखा।। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, मनराखन देवांगन,पूर्व एल्डरमैन पलास सिंह,विधायक प्रतिनिधि अंकित चोपड़ा, जिपं सभापति विप्लव साहू, पार्षद दीपक देवांगन, शत्रुघ्न धृतलहरे, पुरुषोत्तम वर्मा, सुमित टांडिया, सूर्यकांत यादव, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, पार्षद प्रतिनिधि दयाराम पटेल, राधे पटेल, यतेन्द्रजीत सिंह छोटू, रविन्द्र सिंह, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, राजा सोलंकी, समीर कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### इस्तीफे की कोई जानकारी नहीं मैं भिलाई में था- शैलेंद्र वर्मा

थाने में शिकायत के बाद लोकनिर्माण विभाग के रेस्ट हाऊस में पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि उन्हें इस्तीफे की जानकारी ही नहीं थी, 13 फरवरी को वह अपने बच्चों का इलाज कराने भिलाई गए हुए थे। अवर सचिव को इस्तीफा भेजकर तीन दिन बाद 17 फरवरी को इसे वायरल किया गया है। शैलेंद्र वर्मा ने आरोप लगाया कि इस्तीफे का कागज सीएमओ प्रमोद शुक्ला के माध्यम से ही सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। पूरे मामले में जांच व एफआईआर के लिए थाना प्रभारी को शिकायत पत्र दिया गया है।

## लोहिया पेपर द्वारा लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर




रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्री राम पैथोलॉजिकल लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतर्गत 18 फ़रवरी को सुबह 9 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण ईरानी बस्ती सद्दू रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें बीपी, शुगर पूरे शरीर का चेकअप आदि की विशेष जांच किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला धीवर पार्षद कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड रायपुर में और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकडों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर लाभ लिया।

## सभी पटवारी ग्राम के फौती के प्रकरण नामांतरण पंजी में अनिवार्य रूप से करें दर्ज-कलेक्टर



ग्राम तुमड़ीबोड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य कार्यों के निराकरण के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल शिविर में पहुंचकर वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारी को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित सभी पटवारी को निर्देश दिए कि ग्राम में फौती के सभी प्रकरण नामांतरण पंजी में दर्ज होना चाहिए।

इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निर्देश दिए कि यदि अधिक लोगों का आवास आवेदन आबादी भूमि नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पा रहा हो तो नियमानुसार आबादी घोषित करने प्रस्ताव ग्राम पंचायत प्रेषित कर पटवारी प्रतिवेदन दे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली तथा यह निर्देश दिए कि वृद्धजन पेंशन के तहत पेंशन पाने वाली महिला तथा दिव्यांग महिला का फार्म अविलंब जमा करें तथा डोर टू डोर जाकर इनका फार्म जमा कर ऑनलाईन एंट्री करें।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर में राजस्व विभाग के साथ ही कृषि विभाग, आरटीओ, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में अविवादित नामांतरण, फौती, किसान किताब, खाता विभाजन तथा त्रुटि सुधार, आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह शिविर में ही आरटीओ विभाग के स्टाल में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए जिसका शिविर में त्वरित निराकरण किया गया।

महतारी वंदन योजना का फार्म जमा करने हेतु भी शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पंचायत विभाग की टीम उपस्थित थी। शिविर में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह, एसडीएम डोंगरगांव असवन पुसाम, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला राजनांदगांव के सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा कोटवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिका पहुंची... 22 को होंगे प्रश्न-पत्र वितरित

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल की एक मार्च से परीक्षा आयोजित है। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग व केन्द्राध्यक्ष द्वारा तैयारिया शुरू कर दी गई है। पिछले बार की तरह इस बार भी स्टेट स्कूल के प्राचार्य एन.एस. पट्टा को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले के 88 स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाए जाने है। इसी तरह अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिले में 167 परीक्षा केन्द्र बनाए जाएगे।



एक मार्च से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ... जिले के 167 स्कूल बनेंगे परीक्षा केन्द्र

मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए उत्तर-पुस्तिका पहुंच चुकी है। वही प्रश्न-पत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल से 22 फरवरी को वितरीत होगी।

### स्ट्रांग रूम में रहेगा प्रश्न पत्र

बताया जाता है कि रायपुर से उक्त प्रश्नन पत्र को जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में केन्द्राध्यक्ष द्वारा कड़ी चौकसी के बीच लाया जाएगा। राजनांदगांव जिले के 88 स्कूलों में आयोजित होने वाले परीक्षा केन्द्रों के लिए गोपनीय सामग्री को लेकर पहुचेंगे। परीक्षा सामग्री को पांच सशस्त्र पुलिस जवान की मौजुदगी में स्टेट स्कूल में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित ढंग से रखा जाएगा। वहां से कड़ी चौकसी के बीच 24 फरवरी को केन्द्राध्यक्षों को गोपनीय सामग्री का वितरण होगा। जिसे केन्द्र के आसपास के पुलिस थाने में जमा किया जाएगा। इसके बाद ही परीक्षा के दिन ही एक मार्च को केन्द्राध्यक्षों को वितरण किया जाएगा।

### 167 स्कूल बने परीक्षा केन्द्र

बता दे कि एक मार्च से आयोजित होने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए जिले 88 स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाए जाने की बात सामने आ रही है। वही तीनों जिले में 167 परीक्षा केन्द्र बनाए जाएंगे। बताया जाता है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 39 हजार 176 बच्चों ने पंजीयन कराए है। इसको 10 वीं में इस बार 450 विद्यार्थी बढ़े है एवं बारहवीं बोर्ड में 4213 परीक्षार्थी कम हुए है दसवी में 22086 व बारहवी में 17090 विद्यार्थी पंजीकृत है। एक मार्च को 12 वीं के परीक्षार्थी हिन्दी का पर्चा हल करेंगे वही 2 मार्च को 10 वीं के परीक्षार्थी हिन्दी का पेपर हल करेंगे।

बल्देवप्रसाद मिश्र के प्राचार्य कैलाश शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान उनकी निर्वाचन सम्बंधी डयूटी रह सकती है इसलिए उनके स्कूल में सम्पादित होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए लेक्चरार सी.के. देवांगन को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। बहरहाल एक मार्च से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारिया प्रारंभ हो गई है। जिले के परीक्षा केन्द्र बने स्कूलों में इसे लेकर सरगर्मी बढ़ गई है।

## अंबेडकर अस्थि कलश यात्रा का राजेश श्यामकर के नेतृत्व में हुआ आत्मीय स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ से राजनांदगांव पहुंचने पर बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्थि कलश यात्रा का आत्मीय स्वागत प्रखर अंबेडकरवादी नेता राजेश श्यामकर के नेतृत्व में किया गया। शहर के व्यवस्था व्यवस्थम अंबेडकर चौक में बड़ी संख्या में उपस्थित अंबेडकर वादियों ने यात्रा के स्वागत में पुष्प वर्षा की एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद अंबेडकर अस्थि कलश यात्रा बसंतपुर बुद्ध विहार पहुंची वहां भी बड़ी संख्या में उपस्थित अंबेडकर वादियों ने यात्रा का इसी तरह स्वागत किया।

बौद्ध समाज के महामंत्री विनोद श्रीरंगे ने बताया कि यात्रा के साथ पहुंची अस्थि कलश को सभी आम लोगों के दर्शनार्थ बुद्ध विहार बसंतपुर में ही रखा गया है। अब यह अस्थि कलश यात्रा सोमवार 19 फरवरी की सुबह अंबागढ़ चौकी के लिए प्रस्थान करेगी। वहां भी इस अस्थि कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी जोर-जोर से कर ली गई है। राजनांदगांव में इस यात्रा के स्वागत के दौरान श्री श्यामकर के साथ हेमंत मेश्राम, के.एल टांडेकर, रितेश मेश्राम, शरद खापर्डे, सतीश पांडे, दीपेश शेन्डे, प्रणय पगारे, नरेश मेश्राम, डीपी नोनहारे, अमर वासनिक, डीपी मेश्राम, परवीन नोनहारे, कन्हैयालाल खोब्रागड़े, सुनील सुभाषकर, देवलाल रामटेके, सागर भावे, लक्ष्मण गजभिये, संजय हुमने, कुणाल बोरकर, दयाल मेश्राम, संदीप कोल्हटकर, विजय रंगारी, धीरज रामटेके, संतोष बोरकर, निलेश रामटेके सहित सैकड़ों की संख्या में उपासक एवं उपाशिका उपस्थित थे।



श्री श्यामकर के नेतृत्व में स्वागत से भाव विभोर हुए यात्रा में शामिल लोग

## परिणय सूत्र में बंधे 37 जोड़े, जपं अध्यक्ष प्रतिक्षा भंडारी ने भेंट किए उपहार

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत टेडेसरा में आयोजित सामूहिक विवाह में 37 जोडे परिणय सूत्र में बंध गए। इन नए दंपतियों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया और उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने शासन की योजना के तहत दिए जाने वाले उपहार युगलों को भेंट किए।



जपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने नव युगलों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये दुनिया का सबसे अनूठा और पवित्र बंधन है। सात फेरों, वचनों के साथ ही दो ऐसे लोग जीवन भर के लिए जुड़ जाते हैं जिनके स्वभाव विपरित हो सकते हैं फिर भी उनके विचार एक समान हो जाते हैं। इस रिश्ते में एक-दूसरे के साथ मित्रवत जीवन साझा करने से सांसरिक पहलु तो आसान हो ही जाता है, बल्कि भगवती भी दोनों को अपना आशीष देती हैं। ऐसे युगलों का घर फलता-फुलता है। परिवार में खुशहाली बनी रहती है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी नए जोड़ों को 21 हजार रुपए का चेक और 15 हजार रुपए की सामग्री उपहार में दी। इसके अलावा 6 हजार रुपए की सिंगर सामग्री भी प्रदान की गई। यह उपहार शासन की योजना के तहत प्रदान किए गए। इस दौरान लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, सभापति खिलेश्वरी साहू, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री खुटेल, सरपंच दानी देवलाल उपस्थित थे।

## कुनबी समाज की शिवाजी जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन, जिला शाखा राजनांदगांव के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय कड़व ने बताया कि 19 फरवरी, दिन सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 394 जयंती पर कुनबी समाज की शोभायात्रा शिवाजी पार्क तक्ष रोड़ लालबाग से दोपहर 02:00 बजे निकलेगी, तत्पश्चात महावीर चौक में छत्रपति शिवाजी धर्म रक्षक समिति की शोभायात्रा के साथ शामिल होकर नगर भ्रमण करेगी समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल घोम एवं महिला मंडल अध्यक्ष मंगला पाथोडे ने सभी से आहवान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनायें। यह जानकारी मिडिया प्रभारी सुनील हुकरे द्वारा दी गई है।

## 55 साल की उम्र में रक्तदान के लिए ऐसा जुनून, जागरूक करने कन्याकुमारी से कश्मीर तक साइकिल से करेंगे यात्रा

**रायपुर। समय पर रक्त नहीं मिल पाने के कारण कई व्यक्तियों को मृत्यु हो जाती है। इसी कमी को पूरा करने और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए रायपुर के 55 वर्षीय साइक्लिस्ट इंद्रसेन अग्रवाल ने बीड़ा उठाया है। इंद्रसेन अग्रवाल जनमानस में रक्तदान के लिए जागरूकता लाने, रक्तदान और स्वस्थ जीवन के लिए समुदाय को प्रेरित करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक बृह्द साइकिल यात्रा करने जा रहे हैं।**

रक्तदान के इस अभियान में वे स्वयं ÷रायपुर रक्तदान सेवा समिति÷ के जागरूक सदस्य हैं और लगभग 75 बार से ज्यादा रक्तदान कर चुके हैं।



साइकिलिंग का शौक रखने वाले इंद्रसेन अग्रवाल को ट्रेवलर चाचू के नाम से भी जाना जाता है।

### अब तक कई बार कर चुके हैं साइकिल यात्रा

इंद्रसेन अग्रवाल ने बताया मैं कई बार साइकिल यात्रा कर चुका हूं। अब तक विभिन्न शहरों, पर्वतीय स्थलों, धार्मिक स्थलों से लेकर अनेक पर्यटन क्षेत्रों को मिलाकर अब तक लगभग 28 हजार किमी की साइकिल यात्रा कर चुका हूं। इसमें 14 दिवसीय मनाली से खार्दुगला तक 540 किमी, 14 दिवसीय नर्मदा परिक्रमा में 3400 किमी आदि बड़ी साइकिल यात्रा शामिल हैं। इंद्रसेन अग्रवाल ने बताया कि वे रायपुर से 13 फरवरी को कन्याकुमारी के लिए रवाना होंगे। इसके बाद कन्याकुमारी से 16 फरवरी से साइकिल यात्रा प्रारंभ होगी, जो कि लगभग लगभग 40 दिनों में 4,500 किमी की यात्रा के बाद कश्मीर में समाप्त होगी। 17 किग्रा वजनी सामान के साथ निकलेंगे। वे रास्ते में मंदिर, गुरुद्वारा, पेट्रोल पंप और अन्य सामाजिक भवनों में रात गुजारेंगे।

इंद्रसेन ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि मैं यात्रा में कम से कम 10 हजार लोगों से मिलकर उन्हें रक्तदान और स्वस्थ शरीर के लिए साइकिलिंग के लिए जागरूक कर सकूं। उन्होंने बताया 10 वर्ष पहले उनके भाई के किडनी का आपरेशन हुआ। उस समय डाक्टर ने मुझे समझाया कि तुम्हारा वजन ज्यादा है, आगे तुम्हें इस प्रकार की समस्या हो सकती है। स्वयं को फिट रखने के लिए मैंने प्रतिदिन साइकिलिंग शुरू कर दी।

## छग प्रांत के आरएसएस प्रमुख ने आचार्य विधासागर जी को दी श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़ (दावा)। आध्यात्मिक चेतना के शक्तिपुंज, राष्ट्र संत, विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य गुरुवार महामुनी विद्यासागर महाराज की संलेखना पूर्वक समाधि अतिशय क्षेत्र चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में हुई। मुनिराज जी का डोला चंद्रगृह तीर्थ क्षेत्र में दोपहर 1:00 निकाला गया।

इस अवसर पर अपने भाव पुष्पांजलि एवं अश्रुपूर्ण विदाई देने के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत के आरएसएस प्रमुख डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना प्रांत संघचालक, प्रांत संयोजक डॉ. अनिल कर्णावट प्रांत सह सेवा प्रमुख अनिल श्रीवास्तव, विभाग संघचालक राजेश ताम्रकार, जिला संघचालक राधेश्याम शर्मा, नगर संघचालक शिव श्रीवास्तव, विभाग प्रचारक तुलसीदास एवं विनीत यादव, जिज्ञासु टंक, अमन नामदेव, कौतुब हनी गुप्ता, अभिषेक एवं नगर के स्वयंसेवक भारी संख्या में उपस्थित रहे। बता दे कि 20 अक्टूबर 2023 को आरएसएस के संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं प्रांत प्रचारक प्रेम शंकर सिदार के साथ आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु चंद्रगिरी पधारे थे।

## अनमोल दावा

**मैले और गंदे कपड़े से यदि हमें शर्म आती है, तो गंदे और मैले विचारो से भी हमें शर्माना चाहिए....!!!**

# जीवाईएएन ही देश की जाति

पिछले कुछ महीनों से विपक्षी देश में जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं। बिहार में तो नीतीश कुमार जब से आर.जे.डी. के साथ थे, जातिगत जनगणना करा दी थी। इसे सर्वे का नाम दिया गया क्योंकि जनगणना करने का अधिकार मात्रा केन्द्र को है। असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जनगणना के द्वारा नारा दे रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसका उतना प्रतिनिधित्व।

इसके उत्तर में मोदी जी ने देश में केवल चार जातियां बतलाई हैं-महिला किसान गरीब और युवा। अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे जीवाईएएन का नाम दिया है यानि जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के झाबुआ में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 फरवरी के दौरे के समय डॉ. यादव ने अपने भाषण में कहा कि अब मध्यप्रदेश हर्षित है उत्साहित है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित करने पधारे। इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही पाथेय है। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक संयोग है कि इसी दिन ही संथाल परगना में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था। जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। यह क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन पर मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं ।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आए तथा उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ जीवाईएएन अर्थात जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की।

प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है।

प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मप्र सरकार जो निर्णय ले रही है, वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने के लिए मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश है, इसीलिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि जब भारत विश्व का विकसित राष्ट्र बनेगा, तब मध्यप्रदेश भारत के प्रांतों में अग्रणी होगा। अमृतकाल में अमृतपथा पर आगे बढ़ते हुए हम सभी विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित 'मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें। जबसे डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हुए हैं, वे रात-दिन एक करके प्रदेश को प्रगति पथ पर ले जा रहे हैं। यह सबको माननीय मुख्यमंत्री का सहयोग करते हुए प्रदेश की प्रगति में भागीदार बनना चाहिए।

# मुद्दा- लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक फैसला

**विराग गुप्ता**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला दिया है। पिछले छह वर्षों में इस योजना से 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा धन सभी पार्टियों को मिला है। नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने 2017 के वित्त विधेयक के माध्यम से इस योजना को पेश किया था। उसके लिए रिजर्व बैंक, आयकर, कंपनी, जनप्रतिनिधित्व और विदेशी चंदों से जुड़े कई कानूनों में बदलाव भी किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले के बाद इस योजना के साथ सारे कानूनी बदलाव भी निरस्त हो गए हैं।

चुनावी बॉन्ड लागू होने से पहले पार्टियों को लगभग 81 फीसदी रकम अज्ञात स्रोतों से मिलती थी। जेटली ने दलील दी थी कि चुनावी बॉन्डों से पार्टियों की फंडिंग और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के साथ काले धन पर अंकुश लगेगा। पुरानी कानूनी व्यवस्था के अनुसार, कंपनियां सालाना मुनाफे की अधिकतम सीमा के अनुसार ही दान दे सकती थीं। लेकिन कानून में बदलाव के बाद घाटे वाली कंपनियां भी बॉन्ड के माध्यम से पार्टियों को चंदा देने की हकदार हो गईं। मतदाताओं और पार्टियों को चुनावी बॉन्ड देने वाले की जानकारी नहीं मिल सकती थी। लेकिन सरकार को स्टेट बैंक के माध्यम से ये सारी जानकारियां हासिल थीं। कहा जा रहा था कि निजी कंपनियां और कॉरपोरेट्स चुनावी बॉन्ड में पैसा लगाकर सरकारों से अपने हित में अनुचित काम कराते हैं।

ऐसे अनेक कानूनी और सांविधानिक बिंदुओं पर इस योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। लेकिन लोकतंत्र से जुड़े इस बड़े मामले की सुनवाई और फैसला आने में सात साल लग गए। सॉलिसिटर जनरल और अटार्नी जनरल ने इस योजना का अनेक तरीके से बचाव करने की कोशिश की। सरकारी दलीलों के अनुसार, वोटरों को ऐसे चंदे के बारे में जानने का कानूनी अधिकार नहीं है। लेकिन चुनाव आयोग ने ऐसे बॉन्ड और विदेशों से मिल रहे चंदे पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिजर्व बैंक ने भी इन बॉन्डों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जाहिर की थी। केंद्र और राज्य सरकारों को चुनावी बॉन्ड में विशेष बढ़त मिलती है, इसलिए इस योजना को जजों ने समानता के विरुद्ध माना है।



भारत में लॉबिंग गैर-कानूनी है, लेकिन चुनावी बॉन्डों के माध्यम से निजी कंपनियां सरकारों से अनुचित लाभ ले रही हैं। इस बात को सरकार ने भी अप्रत्यक्ष तौर पर स्वीकार किया। सरकारी वकील के अनुसार, चुनावी चंदे का खुलासा होने से चंदा देने वाली कंपनियों को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ सकता है। जो लोग चुनावी बॉन्ड से सिर्फ भाजपा को फायदा होने की बात कर रहे हैं, उन्हें यह समझने की जरूरत है कि सिर्फ एक राज्य में सरकार चलाने वाली टीएमसी को लगभग दस फीसदी फंडिंग मिली है। इसलिए अगले महीने चुनावी बॉन्ड का हिसाब-किताब सार्वजनिक होने पर लोकसभा चुनावों के पहले बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल हो सकती है। इस योजना के रद्द होने के बाद पुराने तरीकों से पार्टियों को फंडिंग जुटानी होगी। कानून के अनुसार, 20 हजार रुपये से कम की रकम गुमनाम तरीके से ली जा सकती है। पार्टियों को चेक के माध्यम से कंपनियों से चंदा मिल सके, इसके लिए आयकर विभाग ने वर्ष 2013 में ट्रस्ट की व्यवस्था बनाई थी।

अनुमानों के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नियमों का उल्लंघन करके प्रत्याशी बड़े पैमाने पर काले धन का चुनावों में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, सभी पार्टियों को कानूनी और गैर-कानूनी तरीके से चंदा मिलता है। पार्टियों के संगठित पैसे से कॉरपोरेट ऑफिस, चार्टर्ड फ्लाइट, रोड शो, रैलियां और नेताओं की खरीद-फरोख्त भी होती है। 30 साल पहले बोहरा कमेटी की रिपोर्ट में नेता, अपराधी और कॉरपोरेट्स की मिलीभगत को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संकट माना गया था। वर्ष 1998 में इंद्रजीत गुप्ता कमेटी की रिपोर्ट में सरकार की तरफ से चुनावी खर्च देने की बात कही गई थी। विधि आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनावी कानून दुरुस्त करने के लिए कई रिपोर्टें दी हैं। ऐसी सभी कमेटियों में हुए विमर्श को धता बताकर नेता चुनावों में काले धन का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं।

चुनावों में टिकट पाने के लिए हाय-तौबा मचाने और सरकार बनाने में रिसोर्ट पॉलिटिक्स से साफ है कि राजनीति सबसे बड़ा व्यापार है, जहां सफल होने के लिए आपराधिक तरीके से काले धन का निवेश होता है। सीबीआई और ईडी के छापों से साफ है कि नेताओं के संरक्षण में खनन, शिक्षा, रियल एस्टेट और नौकरी में माफिया सक्रिय और प्रभावी हैं। दिवालिया कानून की आड़ में अनेक कंपनियां सरकारी बैंकों का पैसा हजम कर रही हैं। ऐसी कंपनियों को चुनावी बॉन्ड की आड़ में फंडिंग की इजाजत देना देश के खजाने की लूट ही मानी जाएगी। विपक्ष में रहकर सभी पार्टियां चुनावी व्यवस्था को ठीक करने की बात करती हैं, लेकिन काले धन के बाहुल्य से सरकार बनाने की होड़ में शुचिता के संकल्प तिरोहित हो जाते हैं।

नेताओं को चुनाव जीतने के बाद गाड़ी, बंगला और अनेक सुविधाएं मिलती हैं। पार्टियों के चंदे और आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगता और उन्हें बेशकीमती सरकारी जमीन पर ऑफिस बनाने की सहूलियत मिलती है। चुनाव आयोग और आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, कई रजिस्टर्ड पार्टियां मनी लॉन्ड्रिंग के कारोबार में लिप्त हैं। संविधान में जनता के शासन को मान्यता मिली है, लेकिन इस सांविधानिक व्यवस्था को पार्टियों ने अपहृत कर लिया है। चुनावों में काले धन के कैंसर को खत्म करके ही राजनीति में अपराध और सरकारों में भ्रष्टाचार का खात्मा हो सकता है।

हम यूरोप और अमेरिका के विकास मॉडल का अनुकरण करते हैं। एक बेहतर समाज बनाने के लिए हमें उनकी समृद्ध लोकतांत्रिक परंपराओं को भी अंगीकार करने की जरूरत है। अमेरिका में वर्ष 1910 से और यूरोपीय संघ में वर्ष 2014 से नेताओं की फंडिंग में पूर्ण पारदर्शिता के लिए परंपरा और कानून हैं। यह ऐतिहासिक फैसला लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मील का पत्थर बन सके, इसके लिए पार्टियों और नेताओं द्वारा पारदर्शी फंडिंग पर अमल जरूरी है। फंडिंग पर जोर कम होने से धन के बजाय कार्यकर्ताओं का मान बढ़ेगा। अनेक सुविधाएं और छूट लेने वाली पार्टियों को अब आरटीआई कानून के दायरे में आना चाहिए। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में कई वर्षों से याचिका लंबित है। उस पर भी जल्द सुनवाई और सार्थक फैसला हो, तो न्यायपालिका के रसूख के साथ लोकतंत्र का मान और ज्यादा बढ़ेगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 70-जनकपुरी के राजपथ पर श्री राम और सीता जी

**- डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



सीता जी मुस्कुराकर अभिवादन का प्रत्युत्तर दे रही हैं।सीता मिथिला की राजकुमारी हैं। गौरवर्णा सीता जी ने नीले वस्त्र धारण किए हुए हैं। मुख पर दैवीय आभा। नीलकमल दल के समान उनकी बड़ी-बड़ी बोलते सी आंखें जीवंत संवाद स्थापित करने वाली हैं। किशोरावया सुकुमारी सीता जी का मुखमंडल पूर्णिमा के चंद्र से भी अधिक दीप्त है। ढलते सूर्य के प्रकाश में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब इस जगत को प्रकाशित करने का दायित्व सीता जी ने ले रखा है और सूर्य की प्रखर आभा शीतल होकर सीता जी में एक दीपशिखा के रूप में परिवर्तित हो गई है।सीता जी को देखकर सूर्य की छवि भी धूमिल पड़ने लगी है।

सीता जी का रथ विपरीत दिशा से आ रहा है। सीता जी के रथ के सामने लोगों के आ जाने पर रथ की गति थोड़ी धीमी हो रही है। श्री राम भी अयोध्या के कुछ नागरिकों से घिरे हुए हैं। सीता जी और श्री राम की आंखें मिलीं।सीता जी राजपथ पर भ्रमण कर रहे राम और लक्ष्मण को देखकर किंचित आश्चर्य में पड़ गई। उन्होंने सोचा, कौन हैं ये दोनों सुकुमार? ये आज से पूर्व कभी मिथिला में दिखाई नहीं दिए।कैसा अपूर्व तेज है इनके मुख मंडल में।अगर ये पिताश्री के धनुष यज्ञ के आमंत्रित राजकुमार होते तो सशस्त्र अंगरक्षकों से घिरे होते, किंतु इसके स्थान पर ये मिथिला के लोगों के साथ हैं। सांवले रंग की मनोहर छवि वाले इस युवक में कैसा आकर्षण है। संपूर्ण व्यक्तित्व में गहरा सम्मोहन, चारित्रिक दृढ़ता और प्रबल आत्मविश्वास दिखाई देता है।

उधर श्री राम ने सीता जी को देखा तो उन्हें अपलक देखते रह गए। उन्होंने सोचा,

तो ये जनकपुत्री सीता हैं। प्रजाजन इस सुकुमारी की जय जयकार कर रहे हैं।मुख पर दिव्य आभा है।कोमलांगी सीता सचमुच अपूर्व सौंदर्य की स्वामिनी हैं। शारीरिक भंगिमाओं में संयम, संस्कार और मर्यादा का समवेत प्रकटीकरण है।ऐसा लग रहा है जैसे क्षीरसागर में विराजमान देवी लक्ष्मी ने भूमि पर एक नया रूप धारण किया है।ऐसा पवित्र, उज्ज्वल और दोषरहित रूप मैंने आज से पूर्व कभी नहीं देखा।

अपनी निष्कलंक और आदर देती हुई दृष्टि से श्री राम ने जानकी जी का मन ही मन अभिवादन किया।जानकी जी ने भी मन ही मन श्री राम के अभिवादन का प्रत्युत्तर दिया।

अब सीता जी का ध्यान प्रजाजन के जय घोष की ओर गया।

राजकुमारी सीता की जय हो।

विदेहनंदिनी सीता की जय हो।

मिथिला की भाग्यलक्ष्मी की जय हो।


श्री राम और लक्ष्मण वाले स्थल को पार करते हुए सीता जी के निर्देश पर धीमा हो चुका रथ एक स्थान पर रुक गया। कुछ नागरिक रथ के पास पहुंचने लगे। सीता जी वहां उपस्थित स्त्रियों और पुरुषों से चर्चा करने लगीं। श्री राम और लक्ष्मण उस स्थल से आगे बढ़ चुके थे।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### डोंगरी पहाड़ जाबो

डोंगरी पहाड़ जाबो
महुआ बीने ल जाबो।
तेंदू अउ चार खाबो
कर्मा-ददरिया गाबो।।
मोर मोहनी रे,मोर सोहनी रे
आबे किंजरे के आबे रे
डोंगरी पहाड़ जाबो...
सुन-सुन कोयली के बोली
मोला तोर सुरता आ जाथे।
मैना पपीहा के गुरतुर बोली
जीवरा ल कइसे बान मारे।।
पिरित के घर बनाबो
सुख म जिनगी बिताबो।
बंधना म सँग बन्धाबो
मया के गीत ल गाबो।।
डोंगरी पहाड़ जाबो...
झूल-झूल के तोरे रेंगना
फुलवा कस डारी लागे।
पपीहा के हाँसी-ठिठोली
जीवरा ल मूरछा मारे।।
आजा न ददरिया ल गाबो
कर्मा ल झूल-झूल नाचबो।
मन म मंगन हो जाबो
तन मन म एक हो जाबो।।
डोंगरी पहाड़ जाबो...
साजा-सराई के छईहाँ
मोला तोर अँचरा लागे।
महुआ के महकी मोला
रग-रग म निसा ह छागे।।
पिरित के बरसा करबो
मन के पियास बुझाबो।
तन मन ल आ रंगाबो
मया डोरी म बन्धाबो।।
डोंगरी पहाड़ जाबो..





- अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरीनारायण

## शब्द सामर्थ्य -338

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | ग्रा | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | ब | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |


## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। ऑफिस में नयी जॉइनिंग करने वाले लोगों का दिन अच्छा रहेगा। आज शाम घर पर अच्छा समय बिताएंगे। अपने बड़ों की बात आज ध्यानपूर्वक सुनें, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होंगी। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज मनमाफिक लाभ होगा ।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए बदलाव लाने वाला है। आपको अचानक किसी काम से मुनाफा होगा। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनकी बिक्री में बढ़ोतरी होगी। खेलकूद से जुड़े लोगों को लाभ के कई मौके मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेंगी।



**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जिनसे आपको कुछ नयी बातें सीखने को मिलेंगी। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम के लिये तारीफ मिलेगी। इससे आपका उत्साह भी बढेगा।



**कर्क**
आज का दिनआपके अपनों के लिए खुशियां लेकर आया है। आपको अपनी किसी बड़ी परेशानी जिसकी वजह से आप काफी दिनों से परेशान थे इसका आज सॉल्यूशन मिल जायेगा। आज जीवनसाथी आपके लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बना सकते हैं। बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।




**सिंह**
आज आप दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके किसी खास काम में आ रही रूकावट आज समाप्त हो जाएगी। ऑफिस का कोई काम शाम तक पूरा हो जायेगा। आज दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज नई उपलब्धियां प्राप्त होंगी। इस राशि के जो लोग बिजनेस से जुड़े है उनको लम्बी यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी यात्रा मंगलमय रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके आसपास का पॉजिटिव बदलाव आपकी जिंदगी को बेहतर बनाएगा।




**तुला**
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपका कोई काम जिसे पूरा करने में कठिनाई आ रही थी वो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। नॉलेज में बढ़ोतरी होगी। आप अपने परिवार वालों को नई डिश बनाकर खिला सकते हैं।




**वृश्चिक**
आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।




**धनु**
आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। परिवार के साथ अगर किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जल्द पूरा होगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका परिवार पूरा साथ देगा। प्रॉपर्टी लेने से पहले जांच पड़ताल जरुर कर लें।



**मकर**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज रोजगार को बढ़ाने के लिए नये नये आयडिया मिलेंगे। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों का कारोबार आगे बढेगा। आपका परिवारजनों के साथ यादगार समय व्यतीत होगा।



**कुंभ**
राशि-आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। जो लोग फ्रेशर हैं, उनकी अच्छी जॉब लगेगी। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। किसी करीबी से शुभ समाचार मिलेगा।



**मीन**
आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपका विरोध करने वाले लोग भी आपके काम की सराहना देंगे। मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। आज सगे सम्बन्धियों से आपको आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफलता मिलेगी।

## कविता

### // आओ मधुमास! //

आओ मधुमास, स्वागत है।
इठलाओ मधुमास, स्वागत है।
वसुंधरा की सजी काया।
नीलव्योम को हर्ष आया।
मधुप-प्रसून छा गये,
नव तन तरुवर पाया।
कुछ गाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
पूनम को गमकता सुधाकर।
दिवस दहकता दिव्य दिवाकर।
अब चहुँओर बरसे सुधा,
बहता समीर आहें भर कर।
कुछ सुनाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।
मदमस्त मधुर विभावरी।
कोमल देही ज्यों साँवरी।
सकल सितारों के मध्य,
नुपुर खनकाती ज्यों परी।
छा जाओ मधुमास, स्वागत है।
आओ मधुमास ! स्वागत है।



- टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
मो. नं.- 9753269282.

# बाल संस्कार सेवाधारियों ने विभिन्न स्थानों में किया मातृ-पितृ पूजन

राजनांदगांव(दावा)। युवाओं के अंदर मातृ देवो भव, पितृ देवो भव तथा आचार्य देवो भव की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित बाल संस्कार केंद्र, श्री योग वेदांत सेवा समिति मोहला, गंडई, खैरागढ, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ तथा चौकी के पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में 14 फरवरी के दिन मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किए। मोहला में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजीव शाह, खोरबाहरा यादव, जनपद सदस्य गामिता लोन्हारे, मीना मांझी, समाजसेवी संजय जैन, अनिल गुप्ता, नारायण खंडेलवाल, सरस्वती शिशु मंदिर मोहला से मेनका ब्यौहारे दीदी तथा विद्यार्थी, सरपंच सरस्वती ठाकुर, उपसरपंच अब्दुल खालिक खान, शिक्षक सतपाल यादव, ममता कन्नौजे, देवेंद्र देवांगन उपस्थित हुए।

गंडई के ग्राम नवागांव में, डोंगरगांव के अमाटोला, डोंगरगढ़ के अछोली में सैकड़ों माता-पिता अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजन कार्यक्रम में सहभागी हुए। सर्वप्रथम बच्चों ने अपने माता-पिता को तिलक किया फिर फूलो की माला पहनाकर उनकी प्रदक्षिणा की फिर मुह मीठा कर आशीर्वाद पाया। इस तरह पूरे विधि से बच्चों ने माता-पिता का पूजन किया।

**○ जिले के विभिन्न स्थानों में बाल संस्कार के सेवाधारियों ने मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस**
**○ बाल संस्कार केंद्र, श्री योग वेदांत सेवा समिति का आयोजन**

बाल संस्कार के सेवाधारी जिले के हर एक गांव में जाकर मातृ-पितृ पूजन के कार्यक्रम कर रहे है। मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम से समाज में माता-पिता का आदर भाव बढ़ रहा है, आज यही नजारा देखने को मिला की पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से ऊपर उठ, हमारे देश के युवा चरित्रवान हो रहे है माता-पिता व गुरुजनों का आदर भाव बढ़ रहा है ।



### माता-पिता की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद

इस पूजन कार्यक्रम में माता-पिता अपने बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे अपने माता-पिता को पुष्पों का हार पहनाकर उनकी प्रदक्षिणा कर, मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारकर आशीर्वाद पाया। बच्चों को पूजन करते देख माता-पिता का दिल भर आया। भावविभोर होकर माता-पिता ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। संजीव शाह ने अपने वक्तृत्व में कहा - यह कार्यक्रम मानव जाति के लिए वरदान है इस तरह का आयोजन युवा पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करेगा और बच्चों के मन मे माता-पिता के प्रति आदरभाव जागेगा। आज के युवाओं को पाश्चात्य कल्चर से बाहर लाकर मातृ देवो भव, पितृ देवो भव की भावना जागेगी और बच्चे चरित्रवान होंगे। वर्तमान में युवक-युवतियां पाश्चत्य दिशा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे है इन्हें सही दिशा में ले जाने का काम मातृ-पितृ पूजन दिवस कर रहा है।

बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने माता-पिता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की खूब-खूब सराहना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से साधना यादव, अनिता देशमुख, ममता पांडे, पुष्पा शर्मा, सविता यादव, इमला यादव, गायत्री यादव, हिरौंदा रावटे, रूखमणी सिन्हा, तृप्ति वैष्णव, गोपाल यादव, रूपेश भाई, तुलसी पाल, उदयपाल, दशरथ निर्मलकर, जगत राममार्गे, नरसिंह भंडारी, दिलीप साहू, नम्मू साहू, उमाशंकर कुंवर आदि का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 13 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बगदई में दिनांक 17 फरवरी को महिला एवं बाल विकास विभाग डोंगरगांव के तत्वाधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 13 जोड़ों का विवाह किया गया। निर्धन परिवार की कन्याओं को विवाह हेतु सहायता, विवाह में होने वाले फिजूलखर्ची को रोकने, दहेज प्रथा की रोकथाम आदि उद्देश्य से शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जाती है।

इसी तारतम्य में ग्राम बगदई में 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बाजे गाजे के साथ बारात निकाली गई तथा पटाखों की गूंज के साथ वर पक्ष मंडप तक पहुंचे। वधू पक्ष द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिया तथा सात वचनों के साथ दाम्पत्य सूत्र में बंध गए। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य इंदुमती साहू, जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण सभापति श्रीमती साहू, सभापति निर्मला सिन्हा, सभापति भुवनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य वीरेंद्र साहू, मोनिका साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव महेश्वर साहू, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य चुनेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य धनराज ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत बगदई भगवती निर्मलकर, संतोष यादव, योगेश पटेल ने समस्त जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

अतिथियों के करकमलों से समस्त वधू को 21 हजार का चेक तथा उपहार सामग्री और विवाह का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आयोजन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा अतिथियों ने सभी वर वधू के सुखी तथा समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की है।

# तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा आयोजन 6 मार्च से प्रारंभ

डोंगरगढ़(दावा)। वार्ड नंबर 23 की पार्षद श्रीमती शालिनी ताम्रकार एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से ब्राम्हण पारा शिवाजी वार्ड नं 23 में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पशुपतिनाथ शिव जी की स्थापना की तैयारी जा रही है।



**वार्ड नंबर 23 की पार्षद का अभिनव प्रयास**

शिवजी की स्थापना के पूर्व 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है। तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार 6 मार्च दिन बुधवार को कलश यात्रा 7 मार्च दिन गुरूवार को जल अदिवास फल अदिवास और 8 मार्च दिन शुक्रवार को भगवान पशुपति नाथ जी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन रखा गया है। पार्षद प्रतिनिधि सुमित ताम्रकार ने वार्डवासियों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य में शामिल होने की अपील की गई है।

# दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गंडई में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक ताम्रकार पूर्व छात्र उप-अभियंता पंचायत ग्रामीण साजा, विशिष्ट अतिथि हुकुम सिंह यादव अध्यक्ष मातेश्वरी गंगई शिक्षा समिति गंडई एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य शबलराम सिंह ठाकुर की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।




तत्पश्चात दशम के भैया/बहनों का स्वागत तिलक वंदन कर पुष्पगुच्छ एवं फाइल पेन देकर नवम के भैया/बहनों द्वारा किया गया। कक्षा दशम के भैया/बहनों ने अपना अपना अनुभव कथन कहे। हुकुम सिंह यादव ने अपने आशीर्वचन में कहा कि कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त होती है, इसी प्रकार ताम्रकार ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य/दीदीयों द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार और व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाता है। जिससे जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही अपनी कामयाबी का श्रेय सरस्वती शिशु मंदिर को दिया। विद्यालय के प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर ने भी आशीर्वचन में भैया /बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनाएं दी।

इसी कड़ी में आचार्य टेकराम जंघेल, धनऊ राम पटेल एवं श्रीमती ममता पटेल दीदी ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य/दीदीयां एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन सुनील पटेल आचार्य ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा नवम के भैया/बहनों ने किया।

## अम्बेडकर कालेज के रसायन शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान आयोजित

डोंगरगांव (दावा)। नगर के शासकीय उपाधि महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी.एन.मेश्राम के मार्ग निर्देशन में रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.चंचल स्टेला कुजूर के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप के रूप डॉ.हेमलता मोहबे सेवानिवृत्त प्राचार्य उपस्थित रहे। डॉ. मोहबे ने अपने व्याख्यान का मुख्य विषय मॉस स्पेक्ट्रोकॉपी विषय पर छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बहुत ही सरल ढंग से मॉस स्पेक्ट्रोकॉपी के उपयोग व उसकी आवश्यकता को छात्र-छात्राओं को समझाया। इस व्याख्यान के दौरान एम.एस.सी. रसायन शास्त्र पूर्व एवं अंतिम वर्ष छात्रायें उपस्थित थे साथ महाविद्यालय रसायन शास्त्र विभाग के जनभागीदारी शिक्षक अर्चना देवांगन, पवन देवांगन उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मिले गुलाब गोस्वामी



**क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत**

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से नगर विकास के मुद्दों, क्षेत्र की समस्याओं, शिक्षकों की समस्या, छात्रों की समस्या एवं लापरवाह अधिकारियों की शिकायत कर समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री भरत भूषण, देवनारायण कुंभकार, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा उपस्थित रहे।

# भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भानपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 के सात दिवसीय युनिट कैम्प का आयोजन भिलाई टेक्नीकल इंस्टीट्यूट दुर्ग द्वारा लिए गए गोद ग्राम-भानपुरी में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि आमलेन्दु हाजरा पूर्व लोकपाल दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि दुष्यंत दास संपादक भास्कर दूत, प्राचार्य अरुण अरोरा एवं अभिजीत लाल, सबाना नाज सिद्दीकी कार्यक्रम अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में कैम्प के चतुर्थ दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।



**नशा राष्ट्र के विकास में बाधक है - हाजरा**

उक्त अवसर पर श्री हाजरा ने कहा कि नशा राष्ट्र के विकास में बाधक है। राष्ट्र के विकास में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। नशा से युवाओं का चारित्रिक पतन होता है। श्री हाजरा ने जीवन उपयोगी प्रेरक कथाएं भी सुनाई एवं युवाओं को अनुशासित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी को पहचानने के लिए प्रेरित भी किया। विशिष्ट अतिथि दुष्यंत दास ने ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित उक्त कैम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कैम्प में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

जहां उन्हें राष्ट्र: निर्माण संबंधी कार्य एवं समाजसेवा के कार्य करने का अवसर मिलता है और उन्हें अनुभव की शिक्षा भी प्राप्त होती है तथा विद्यार्थियों से प्रश्न-उत्तर भी किये गये। सही जवाब दिये जाने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर भिलाई टेक्नीकल इंस्टीट्यूट दुर्ग की ओर से कार्यक्रम अधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों के अलावा ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अभिजीत लाल द्वारा दी गई।

## बोरतलाव में नेशनल स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव में सेक्टर स्किल काउंसिल नेशनल स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम केंद्र शासन दिल्ली के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं का विषयवार प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के विषय विशेषज्ञ द्वारा अपने-अपने विषय की प्रायोगिक परीक्षा ली गई। जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल के तरफ से आए कृषि संकाय के मानवेंद्र वर्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर संकाय में विजय पाटिल के तत्वाधान में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के प्राचार्या श्रीमती वंदना चौरे तथा स्कूल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षक कृषि संकाय से डोमेश्वर कुमार एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर संकाय से विवेक मेश्राम एवं स्कूल स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# ग्राम भटगुना में चोरी की घटनाएं बढ़ी



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत भटगुना में स्थित शासकीय महिला भवन में महिलाओं को सिलाई कढ़ाई के लिए प्रशिक्षण हेतु कुल 4 नग सिलाई मशीन महिला शासकीय भवन में थी, जिसमें सिलाई मशीन के माध्यम से ग्राम की महिलाओं को छ.ग. शासन के अंतर्गत सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण उक्त सिलाई मशीनों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता था। उसमें से दो नग सिलाई मशीन चोरी कर चोर ले गए यह घटना दिनांक 13 फरवरी को हुई थी, जिसकी सूचना डोंगरगांव थाने में दर्ज ग्राम पंचायत के सरपंच चेतन दास साहू के द्वारा किया गया है,

सरपंच साहू जी ने यह भी बताया गया कि गांव में और भी चोरीयां हुई है, सरपंच के कोठार से मंडी में धान बेचने हेतु धान से भरा हुआ कट्टा रखा गया था उसमें से बारह कट्टा धान से भरा हुआ, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गए व ग्राम में ही किसी के यहां शादी हो रही थी वहां के मेहमानों ने अपने दो पहिया वाहनों को गली में रखकर बारात चले गए थे, दूसरे दिन बारात से वापस आने पर देखा तो उनके दो पहिया वाहनों के पेट्रोल किसी अज्ञात चोरों ने निकाल लिये, कम से कम लगभग दस गांड़ीयों का निकाला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही बदमाश लड़कों की शरारत जो कि शराब, जुआ, सट्टा के लत में डुबे रहते हैं।

# शक्ति वंदन अभियान में 16 गांव की उत्कृष्ट स्व-सहायता समूह का हुआ सम्मान

राजनांदगांव(दावा)। शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित टेडेसरा में भव्य कार्यक्रम हुआ। जिला राजनांदगांव के टेडेसरा क्षेत्र में तीन कलस्टर की सैकड़ों की संख्या में महिला समूह एकत्र हो भव्य कार्यक्रम को रूप दिए और शक्ति वंदन कार्यक्रम में सोमानी सेक्टर से खुटेरी से नारी शक्ति, मनगटा से उन्नति, टेडेसरा नारी एकता, सांकरा विकास ठाकुरटोला सूरज। पदुमतरा सेक्टर से भठागांव से गायत्री, बरगा आदर्श, डूमरडीह कलाअग्नि, गठुला से समृद्ध, रिवगहन अंजनी माता, सुरगी सेक्टर से परिखुर्द सुमन, भर्रेगांव तुलसी, मोखला साधना, खैरा भारती, मुड़पार ज्योति इन महिलाओं को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का सम्मान मिला।



शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत कुल 03 बिहान संकुल संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से 03 आयोजन एक ही मंच पर किया गया शक्ति वंदन अभियान, महिला सम्मेलन एवं संकुलों का 9वां वार्षिक उत्सव, आयोजन में 06 बहनों के मानस गायन कांकेतरा का प्रदर्शन किया गया, उत्कृष्ट 15 ग्राम संगठनों पुरुस्कार दिया गया, बिहान सदस्यों द्वारा सक्सेस स्टोरी सुनाया गया, कार्यक्रम में 15 सौ से अधिक सदस्य शामिल हुए, वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाते हुए महिला समूह ने केक भी काटा। शक्ति वंदन को धूमधाम से मनाने हेतु ककेतरा की सातों बहनों ने संगीत में प्रस्तुति दी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं जिला महिला समूह संपर्क अभियान की संयोजिका जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, महामंत्री मनोज साहू, देव कुमारी साहू उपस्थित थे एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत व जनपद पंचायत से एनआरएलएम की पूरी टीम उपस्थित रहे तथा सखी संकुल संगठन सोमनी की अध्यक्ष सविता यादव वृंदावन संकुल संगठन सुरगी की अध्यक्ष तारा सोनकर, आँचल संकुल संगठन की अध्यक्ष संतोषी वैष्णव। इनके द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन संगठन में शामिल 15 ग्राम संगठनों का भी सम्मान किया गया है।

## प्राथमिक शाला सिरलगढ़ एवं आश्रम शाला बुटाकसा के छात्रा-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्राथमिक शाला सिरलगढ़ एवं आश्रम शाला बुटाकसा संकुल बुटाकसा विकासखंड जिला मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के छात्र-छात्राएं पाटेश्वरधाम, खरखरा जलाशय का शैक्षिक भ्रमण किए। शैक्षिक भ्रमण का शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष महत्व है।



नीलकंठ कोमरे ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से हम प्रकृति की सुन्दरता से रूबरू होते हैं। मानव की सुन्दर कलाकृतियों से परिचित होते हैं, साथ ही साथ कुदरत की कुछ रहस्यों से भी परिचित होते हैं जिसमें हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है। पाटेश्वरधाम बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 21 किमी दूर पाटेश्वर धाम है। यहां प्रदेश का 108 फीट मंदिर का निर्माण 29 जनवरी 2005 से चल रहा है। मंदिर में राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के लाल रंग के पत्थर का उपयोग हो रहा है। संत रामबालक दास महात्यागी ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य में 25 करोड़ खर्च आएगी। अब तक आठ करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया जा चुका है। प्रथम तल का निर्माण पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण का काम चल रहा है। मंदिर में पंचमुखी हनुमान की मूर्ति है। मंदिर में 108 मूर्तियां लगाई जाएंगी, 44 लग चुकी मंदिर के अंदर दिवारों में अष्टवस्तु, पंचकन्या, यक्षगंधर्व आपको 108 हिंदू देवी-देवताओं के मूर्तियां देखने को मिलेंगी। अब तक प्रथम तल में 44 मूर्ति लगाई जा चुकी है। जिसमें सर्व समाज के अलावा देश के हिंदू धर्म गुरुओं की मूर्तियां। मंदिर में अद्भुत तो यह होगा कि प्रवेश द्वार में 51 किलो की घंटी और अंदर अफसरा हवा में लटकी हुई मिलेगी। यह किसी के सहारे पर नहीं टिकी होगी। यह नजारा डौंडीलोहारा ब्लॉक के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जामड़ी पाटेश्वर धाम का है, जहां नए साल के पहले दिन 416 सीढ़ी चढ़कर मूर्तियों का दीदार करने लोग सुबह से शाम तक पहुंचते रहे। कई लोग परिवार के सदस्यों व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। यहां भगवान श्री राम, माता जानकी, शंकर सहित मूर्तियां आकर्षण का केंद्र है।खरखरा जलाशय बालोद जिले में खरखरा नदी पर स्थित पुर्णतः मिट्टी से निर्मित जलाशय है। इसकी लाम्बई लगभग 1128 मीटर है। यह एक सायफन परियोजना है, इसका निर्माण 1967 में किया गया था। हरियाली से भरा बेहतरीन नजारा निर्माण व क्षमता वर्ष 1964-66 अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल मे बने डौंडीलोहारा विकासखण्ड के खरखरा बांध जिसका जलग्रह क्षेत्र 371.66 वर्ग किलोमीटर लम्बाई 1440 मीटर 105 ग्रामो को जल से लाभान्वित करने वाली व 6 नहरों को जल प्रदाय करने वाली इस बड़े जल परियोजना से भिलाई स्टील प्लांट को पानी सप्लाई होता है। साथ ही साथ भिलाई व दुर्ग नगर निगम के बड़े क्षेत्रों में भी पेयजल हेतु इसका उपयोग किया जा रहा है। वही कई तालाबो में निस्तार हेतु पानी भी दिया जा रहा है। शैक्षिक भ्रमण में नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र कुमार देवांगन, संतोषी भुआर्य, दीपक कुम्भज, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष चंद्रकुमार सिन्हा, पीताम्बर चंद्रवंशी, एंजल ,प्रवीण, समर, कनिका, डेविड, प्रदीप, अभिषेक, काव्या, निधि, वासनिक, प्रांजल, शाला के समस्त बच्चे के खूब मजा किए एवं आनंद के अनुभूतियां प्राप्त किए।

# पहला कॉलम...

## इजरायल की बड़ी एयर स्ट्राइक गाजा पट्टी में बरपाया कहर 40 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। मध्य गाजा पट्टी में घरों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी मीडिया ने दी। फ़िलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इज़रायली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात, अल-ज़वैदा और दीर अल-बलाह के क्षेत्रों में कई घरों पर हमले किए। इसमें दर्जनों लोग मारे गए और कई घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल 40 शवों को बरामद कर लिया है, जबकि अन्य कई मलबे के नीचे दबे हैं। मृतकों और घायलों को दीर अल-बाला शहर के अल-अक्सा शहीद अस्पताल ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि 7 अक्टूबर, 2023 से शुरू युद्ध के बाद से अब तक 28,858 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## रूस का यूक्रेन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने कहा है कि मॉस्को ने उकाराइन के अवदीवका शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने अपने टेलीग्राम चैनल पर घोषणा की कि लेफ्टिनेंट जनरल एंड्री मोर्डविचेव के नेतृत्व में सैनिकों ने अवदीवका पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने 24 घंटों में अवदीवका में 1,500 से अधिक सैनिकों को खो दिया है। मंत्रालय ने कहा कि अवदीवका के पूर्ण नियंत्रण ने रूसी सैनिकों को डोनेट्स्क से अग्रिम पंक्ति को पीछे धकेलने की अनुमति दी, इससे सेना को यूक्रेनी हमलों से काफी हद तक सुरक्षा मिली। यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की ने शनिवार को कहा कि देश ने अवदीवका शहर से सैनिकों की वापसी का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, सिर्स्की ने कहा, घेराबंदी से बचने और सैनिकों के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, मैंने अपनी इकाइयों को शहर से वापस करने का फैसला किया।

## हंगरी के प्रधानमंत्री ओर्बन ने राष्ट्रपति के इस्तीफे को बताया सही

बुडापेस्ट। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन ने राष्ट्र को संबोधित कर रहे अपने भाषण में कहा कि राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक का इस्तीफा सही था। राष्ट्रपित नोवाक और न्यायमंत्री ज्यूडिट वर्गा के इस्तीफे के एक सप्ताह बाद शनिवार को प्रधानमंत्री ने कहा, इस्तीफा सही था; यह हमें मजबूत करता है। मैं हम सभी की ओर से राष्ट्रपति और न्याय मंत्री को भारी मन से धन्यवाद देता हूं। नोवाक और वर्गा ने बाल दुर्व्यवहार क्षमा घोटाले के बाद इस्तीफा दे दिया, इससे देश में आक्रोश फैल गया और शुक्रवार की रात हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। यह देखते हुए कि राष्ट्रपति का जाना हंगरी के लिए एक बड़ी क्षति है, ओर्बन ने कहा, हंगरी के भारी बहुमत ने क्षमादान के उनके फैसले को खारिज कर दिया। बिगड़ा हुआ संतुलन केवल राष्ट्रपति के इस्तीफे और एक नए के चुनाव के साथ बहाल किया जा सकता है। उन्होंने एक नए बाल संरक्षण विधायी पैकेज को नेशनल असेंबली में प्रस्तुत करने का आह्वान करते हुए कहा, हमें अपने बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से अपने कानूनों पर विचार करने की जरूरत है। हंगरी के नेता ने हंगरी की आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों के बारे में भी बात की, इसमें विकास को बनाए रखना, मुद्रास्फीति से निपटना और यूरोपीय संघ संबंधों की जटिलताएं शामिल हैं।

## जुर्माने के बाद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने स्नीकर्स लाइन लॉन्च की

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में ट्रम्प स्नीकर्स का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है।

# भारत ने 434 रन से जीता राजकोट टेस्ट : रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत



राजकोट। में 557 रन के पहाड़ जैसे टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम 122 रन ही बना सकी। भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से तीसरा टेस्ट जीता और सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में शुरू होगा।

रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में सेंचुरी भी लगाई थी। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। टीम से युवा यशस्वी जायसवाल ने भी दोहरा शतक लगाया।

निरंजन शाह स्टेडियम में गुरुवार को भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी 430/4 के स्कोर पर डिक्लेयर की थी।

### भारत की सबसे बड़ी जीत

भारत ने 434 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 317 रन की थी। टीम ने 2021 में चेन्नई के मैदान पर इसे हासिल किया था।

### चौथे दिन शुभमन-कुलदीप ने इंग्लैंड को परेशान किया

भारत ने 196/2 के स्कोर से चौथे दिन खेलना शुरू किया। शुभमन गिल ने 65 और कुलदीप यादव ने 3 रन के निजी स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शुभमन 91 और कुलदीप 27 रन बनाकर आउट हुए।

शनिवार को रिटायर्ड हर्ट हुए यशस्वी जायसवाल फिर बैटिंग करने उतरे। उन्होंने दोहरा शतक लगाया और सरफराज खान के साथ 172 रन की पार्टनशिप की। सरफराज ने डेब्यू टेस्ट की लगातार दूसरी पारी में फिफ्टी लगाई।

### भारत ने डिक्लेयर की दूसरी पारी

टीम इंडिया ने 430/4 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी डिक्लेयर की। यशस्वी 214 और सरफराज 68 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम ने पहली पारी में 126 रन की बढ़त बनाई थी, इसलिए इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट मिला।

### इंग्लैंड ने 50 रन तक 7 विकेट गंवाए

बड़े टारगेट के सामने इंग्लैंड की टीम टिक ही नहीं सकी। दूसरा सेशन खत्म होने तक टीम ने 18 रन के स्कोर पर दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। 50 रन तक पहुंचते-पहुंचते टीम के 7 विकेट हो गए। जैक क्रॉले 11, बेन डकेट 4, ओली पोप 3, जो रूट 7, जॉनी बेयरस्टो 4, रेहान अहमद खाता खोले बगैर और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर आउट हो गए।

### जडेजा को 5 विकेट, इंग्लैंड 122 पर सिमटा

बेन फोक्स और टॉम हार्टले ने 32 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन दोनों 16-16 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद मार्क वुड ने 15 बॉल पर 33 रन बनाकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने वुड को पवेलियन भेजा और इंग्लैंड की टीम 122 रन पर सिमट गई। जडेजा ने 5 विकेट लिए। उन्होंने वुड के अलावा ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और बेन फोक्स को भी पवेलियन भेजा। जडेजा ने पहली पारी में 2 विकेट लिए थे।

### पहले सेशन में भारत ने 2 ही विकेट गंवाए

चौथे दिन के पहले सेशन में भारत से शुभमन गिल और कुलदीप यादव ने 55 रन की पार्टनरशिप की। शुभमन 91 रन बनाकर रनआउट हो गए। उनके बाद कुलदीप भी 27 रन ही बना सके। शनिवार को रिटायर्ड हर्ट हुए यशस्वी जायसवाल शुभमन के विकेट के बाद बैटिंग करने उतरे। उन्होंने सरफराज खान के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। सेशन खत्म होने तक टीम का स्कोर 314/4 रहा और बढ़त 440 रन की हो गई। सेशन में भारत ने 31 ओवर बैटिंग कर 118 रन बनाए।

### दूसरे सेशन में बैकफुट पर इंग्लैंड

दूसरे सेशन में टीम इंडिया ने मैच पर अपनी पकड़ बेहद मजबूत कर ली। टीम ने 314/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक लगाया। भारत ने 430 रन के स्कोर पर अपनी पारी डिक्लेयर कर दी। यशस्वी 214 और सरफराज खान 68 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। इंग्लैंड ने भी अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी, लेकिन टीम ने 9 ओवर के अंदर ही 2 विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉले 11 और बेन डकेट 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सेशन में 24.2 ओवर गेंदबाजी हुई, 2 विकेट गिरे और 134 रन बन गए।

### तीसरे सेशन में इंग्लैंड ऑलआउट

तीसरे सेशन में इंग्लैंड ने 50 रन के स्कोर तक 7 विकेट गंवा दिए। टॉम हार्टले और बेन फोक्स ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन दोनों 16-16 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में मार्क वुड ने 15 बॉल पर 33 रन बनाकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया, लेकिन होम ग्राउंड पर रवींद्र जडेजा ने 5 विकेट झटके और इंग्लैंड की पारी 122 रन पर सिमट गई। सेशन में इंग्लैंड ने 31.2 ओवर बैटिंग कर 104 रन बनाए।

### तीसरे दिन यशस्वी की सेंचुरी

तीसरे दिन इंग्लैंड की टीम 319 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बेन डकेट ने 153 रन की पारी खेली। भारत से मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 2 विकेट खोकर 196 रन बना लिए। भारत से यशस्वी जायसवाल 104 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए।

### दूसरे दिन बेन डकेट का शतक

दूसरे दिन टीम इंडिया 445 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। रवींद्र जडेजा ने 112 और सरफराज खान ने 62 रन बनाए। इंग्लैंड से मार्क वुड को 4 विकेट मिले। इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 207 रन बना लिए। बेन डकेट 133 और जो रूट 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

## यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड़ बैटिंग से बनाया गज़ब रिकॉर्ड, बन गए भारत के सिक्सर किंग

राजकोट । यशस्वी जायसवाल ने बतौर भारतीय खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल को पछाड़ दिया. जायसवाल ने एक पारी में 10 छक्के पूरे कर लिए हैं. जबकि, नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल के नाम 8-8 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था.

सिद्धू ने 1994 में श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में खेले गए मुकाबले में 8 छक्के जड़े थे. इसके बाद मयंक अग्रवाल ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर में खेले गए टेस्ट की एक पारी में बैटिंग करते हुए 8 छक्के लगाए थे.

इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ में जायसवाल का बल्ला जमकर बोल रहा है. सीरीज़ में जायसवाल ने 20 छक्के पूरे कर लिए हैं, जिसके साथ वो टेस्ट सीरीज़ में सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए.

## शुभमन गिल अपने लगातार दूसरे टेस्ट शतक से चूके

राजकोट। भारतीय क्रिकेट टीम के शुभमन गिल ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 91 रन बनाए।वह अपने टेस्ट करियर के चौथे और मौजूदा सीरीज में दूसरे शतक से चूक गए।अच्छी बल्लेबाजी कर रहे गिल दुर्भाग्यपूर्ण ढगं से शतक के करीब आकर रन आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए।

इस टेस्ट की अपनी पहली पारी में अपना खाता भी नहीं खोल पाने वाले गिल ने दूसरी पारी में उम्दा बल्लेबाजी की।उन्होंने मैच के तीसरे दिन यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर 159 रन की साझेदारी की।तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 65 रन के निजी स्कोर पर नाबाद रहने वाले गिल चौथे दिन के पहले सत्र के दौरान आउट हो गए।वह कुलदीप यादव के साथ रन दौड़ते हुए गलती कर बैठे।

गिल ने सीरीज के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 34 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दूसरी पारी में 11 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 104 रन बनाया था।

## भारतीय महिला टीम ने फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया, ऐतिहासिक स्वर्ण जीता



शाह आलम। भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। युवा अनमोल खरब ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोमांचक फाइनल में भारत ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। पीवी सिंधू के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम के युवा और तेजतर्रार समूह ने थाईलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और दो बार की कांस्य पदक विजेता थाईलैंड के खिलाफ जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में ज्यादातर टीमों की तरह, थाईलैंड पूरी ताकत के साथ नहीं खेल रहा था। वे अपने शीर्ष दो एकल खिलाड़ियों - विश्व नंबर 13 रतचानोक इंतानोन और विश्व नंबर 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना थे। चार महीने बाद एक्शन में लौटीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहले मैच में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हरा दिया। उन्होंने पहला एकल मुकाबला जीतकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। विश्व नंबर 23 त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दुनिया की नंबर 10 जोड़ी के खिलाफ चौंका देने वाला प्रदर्शन किया। जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने 21-16, 18-21, 21-16 से हराया और भारत को ड्राइवर सीट पर बैठा दिया। विश्व नंबर 18 खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ अपना दूसरा एकल मुकाबला खेल रहीं अश्मिता चलिहा से काफी उम्मीदें थीं। शनिवार को अश्मिता ने पूर्व विश्व चैंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी। अश्मिता ने 2022 में सिंगापुर ओपन के दौरान बुसानन को हराया था। वह दूसरे गेम में 14-14 तक मैच में बनी रहीं, लेकिन उसके बाद अप्रत्याशित गलतियां अश्मिता को महंगी पड़ीं और वह अनुभवी थाई खिलाड़ी से 11-21 14-21 से हार गईं।

## बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को 2-1 से हराया

मैड्रिड। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 97वें मिनट में दोबारा ली गई पेनल्टी पर गोलकर एफसी बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 2-1 से जीत दिलाई। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 44वें मिनट में बार्सा को बढ़त दिलाई, लेकिन इयागो एस्पास के विक्षेपित प्रयास ने दूसरे हाफ की शुरुआत में सेल्टा को बराबरी पर ला दिया। बार्सा को 92वें मिनट में पेनल्टी मिली जब फ्रैन बेल्ट्रान ने लैमिन यामल को बॉक्स में पकड़ लिया। रिपोर्ट के अनुसार, सेल्टा के कीपर विसेंट गुएटा ने लेवांडोव्स्की की शुरुआती स्पॉट किक बचा ली, लेकिन वीएआर से पता चला कि कीपर अपनी लाइन से हट गया था। लेवांडोव्स्की ने अपना दूसरा प्रयास करते हुए बार्सा को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। मैनुअल लोरेंटे और एंजेल कोरिया के दो-दो गोलों की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने लास पालमास पर 5-0 से जीत के साथ इंटर मिलान में अपने चैंपियंस लीग दौरे की तैयारी की।

## ज्योतिष चमत्कार ( 19 फरवरी 2024 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 63 | 73 | 81 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 65 | 75 | 85 | 91 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 93 | 01 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 95 | 03 | 15 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 07 | 17 | 23 |
| शनि | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 19 | 25 | 39 |
| अंकों का बादशाह | 4 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 5 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 61 | 82 | 93 | 07 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 04 | 18 | 24 | 32 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 26 | 34 | 42 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 28 | 36 | 46 | 54 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 30 | 48 | 56 | 64 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 58 | 68 | 74 |
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 7 |
| स्पेशल | 31 | 42 | 56 | 70 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 37 | 51 | 14 | xx | 20 |
| 91 | 72 | 30 | 45 | 04 | 48 |
| 16 | 62 | 45 | 72 | 87 | 98 |
| 01 | 97 | 06 | 07 | 52 | 25 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 33 | 64 | 31 | 68 | xx |
| 38 | 95 | 24 | 90 | 60 |
| 77 | 22 | 83 | 28 | 72 |
| 03 | 60 | 36 | 07 | 45 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-79-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## शेष प्रथम पृष्ठ का

*महाभारत युद्ध के पांडव-कौरव की ...*

झारखंड में एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये जब्त होते हैं। छत्तीसगढ़ में महादेव एप के नाम से जुआ खिलाने का घोटाला सामने आता है। डीएमके के मंत्रियों के घर से करोड़ों रुपया बरामद होता है। तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों के घर से अनेक करोड़ रुपये पाए जाते हैं। लालू प्रसाद यादव सजायाफ्ता हैं। पूरा इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। 0 सात परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन है इंडी अलायंस- अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा तंज भी कसा। आइएनडीआइए की अपने शब्दों में परिभाषा बताई कि सात परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन है इंडी अलायंस, इससे ज्यादा कुछ नहीं है। जो पार्टी के अंदर लोकतंत्र नहीं स्थापित कर सकते, वह देश के लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में डेवलपमेंट अलायंस है और राहुल गांधी के नेतृत्व में डायनेस्टिक अलायंस है। पीएम मोदी का कहना है कि महान भारत बने, आत्मनिर्भर भारत बने।

0 शरद पवार का लक्ष्य बेटी को सीएम बनाना, सोनिया का राहुल को पीएम- वहीं, सोनिया गांधी का लक्ष्य राहुल को पीएम बनाना, शरद पवार का लक्ष्य बेटी को सीएम बनाना, ममता बनर्जी का लक्ष्य भतीजे को सीएम बनाना, स्टालिन का लक्ष्य अपने बेटे को सीएम बनाना, लालू प्रसाद यादव का लक्ष्य अपने बेटे को सीएम बनाना, उद्धव ठाकरे का लक्ष्य अपने बेटे को सीएम बनाना और मुलायम सिंह बेटे को मुख्यमंत्री बनाकर ही गए हैं। उन्होंने टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी को टू जेनरेशन पार्टी, थ्री जेनरेशन पार्टी और फोर जेनरेशन पार्टी बताते हुए कहा कि इन पार्टियों में चार-चार पीढ़ी तक नेता नहीं बदलता है। यदि कोई थोड़ा भी आगे बढ़ा तो उसका हश्र कर देते हैं। ऐसा हश्र किए हुए कई नेता आज भाजपा के साथ लोकतंत्र की यात्रा से जुड़े हैं। तेजस्विता, परफार्मेंस, विचार, परिश्रम और दृष्टि का कोई महत्व नहीं है, वहां सिर्फ इसका महत्व है कि आप कहां जन्मे। यदि भाजपा परिवारवादी पार्टी होती तो एक चाय बेचने वाले का बेटा कभी प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था।

0 विपक्ष को इन तथ्यों के साथ दिखाया आईना- जब से इंदिरा गांधी पीएम बनीं, तब से कांग्रेस की न लोकतंत्र में श्रद्धा है और न लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में श्रद्धा है। इन्होंने न्यायपालिका, ब्यूरोक्रेसी, मीडिया, कैग जैसी संस्थाओं की धज्जियां उड़ाईं। आज से 100 साल बाद भी कांग्रेस का रिकार्ड कोई तोड़ नहीं पाएगा, इतनी सरकारें इतनी गिराईं। इन्होंने 90 बार आर्टिकल 356 का प्रयोग किया, 50 बार अकेले इंदिरा गांधी ने किया। 40 क्षेत्रीय दलों की सरकार कांग्रेस ने गिराई, तीन केंद्र सरकारों को गिराया। कांग्रेस के नेता खुलेआम देश के विभाजन की बात करते हैं और पार्टी उससे कन्नी भी नहीं काटती। पीएम मोदी को हटाने के लिए पाकिस्तान की मदद मांगते हैं। कांग्रेस ने पांच साल में संसद में शोर-शराबे और बहिष्कार के अलावा कुछ नहीं किया। हम लंबे समय तक विपक्ष में रहे, लेकिन अच्छे काम का समर्थन किया और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया।

*भाजपा ने अपने संविधान में किया ...*

जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों। पार्टी के संविधान की धारा 21 के मुताबिक, कोई भी सदस्य 3-3 वर्ष के लगातार 2 कार्यकाल तक ही अध्यक्ष रह सकता है। सीएम और उपमुख्यमंत्रियों की हुई बैठक- अधिवेशन के समापन के बाद भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। इसमें आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने की पार्टी की रणनीति और शासन के मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा भी बैठक में शामिल हुए। बाद में पीएम ने सोशल मीडिया पर कहा कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक हुई। राज्यों के विकास पथ को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई ताकि विकसित भारत के निर्माण में हम डबल इंजन का लाभ उठा सकें।

कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता अगले कुछ हफ्ते में हो सकते हैं शामिल- पार्टी के कुछ नेताओं ने संकेत दिए कि कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के कई नेता अगले कुछ हफ्तों में पार्टी में शामिल हो सकते हैं। पार्टी इन नेताओं को लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने के मकसद से शामिल करेगी। पार्टी के एक नेता ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ अपने बेटे नकुल नाथ समेत पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

*राममय है संपूर्ण भारत...*

सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब बन गया है। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के चलते ऐसे कई काम किए हैं। भगवान राम को मौलिक अधिकारों का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए मोदी शासनकाल को राम राज्य की परिकल्पना और महात्मा गांधी के संदेश से जोड़ते हुए कहा कि आज देश राममय है, हर्षित है। देश की विकास यात्रा में यह अविस्मरणीय क्षण है। बीते दस वर्षों में भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव पुन: स्थापित हुआ है। संपूर्ण भारत आज राममय है। इसके बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ प्रतिनिधियों ने खड़े होकर प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे पारित कराया।

*ईडी की वजह से ही ...*

कोई भी बीजेपी में नहीं जाएगा। शिवराज वसुंधरा भी छोड़ देंगे पार्टी - अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे जैसे लोग भी अपना दूसरा दल बना लेंगे, ईडी रोकिये और पीएमएलए हटाइए फिर देखिये क्या-क्या होता है, बता दें कि केंद्र सरकार के अधीन श्रष्ठ काफी सक्रिय रहती है। 0 ईडी पर लगता रहा है आरोप - विपक्ष का आरोप है कि ईडी बेहद चुनिंदा तरीके से विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती है और ये सब केंद्र सरकार के इशारे पर होता है, हाल ही में ईडी ने ही झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी जेल भेजा है, दिल्ली सरकार के कई मंत्री भी इस समय जेल में हैं।

*एक महीने में विपक्ष के ....*

इसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्य भी शामिल हैं। भाजपा नेताओं का मानना है कि उत्तर भारत के बल पर पार्टी पहले ही 303 के आंकड़े को छू चुकी है, सहयोगी दलों के साथ यह आंकड़ा 330 से ऊपर पहुंच चुका है। ऐसे में यदि उसे दक्षिण भारत के कुछ दलों का साथ मिल जाए तो वह 400 के आंकड़े को भी पार कर सकती है। यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चार सौ सीटें जीतने का दावा हवा हवाई नहीं, बल्कि भाजपा की ठोस रणनीति को दिखाता है। इसका असर जल्द दिखाई पड़ सकता है।

*भाजपा में जाने की अटकलों को ....*

40 रुपए देकर 400 रुपए किसान से ले लिए हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा की केंद्र सरकार ने किसान पक्ष में इस तरह की नकारात्मक माहौल पैदा किया है, पंजाब का किसान आज सिर्फ मजदूरी करने के लिए रह गया। केंद्र की सरकार अगर उद्योगपतियों का 10 साल में 16 लाख 54 हजार रुपये का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों का कर्ज माफ क्यों की नही हो सकता।

सिद्धू ने आरोप लगाया कि एफसीआई को कंगाल कर केंद्र ने स्टोरेज अडानी कार्पोरेट को दे दी। अगर उनका गोदाम 25 प्रतिशत भरता है तो उन्हें अदायगी 100 प्रतिशत की दी जाती है, लेकिन किसानों के लिए कुछ भी नहीं सोचा गया। सिद्धू ने बताया कि केंद्र गेहूं व धान की एमएसपी पर 72 हजार करोड़ खर्च करता है। सीएम मान 22 फसलों पर एमएसपी देने की बात कर रहे हैं। वह शेख चिल्ली की तरह सपने देख रहे हैं। उन्होंने किसानों को दालें उगाने की बात कही। मूंगी की पूरी फसल उठाने की बात कही, लेकिन आठ प्रतिशत उठाई। अन्य किसानों को सस्ते में फसल बेचनी पड़ी। उन्होंने सीएम मान पर बिचौलिया होने का भी तंज कसा। पूर्व सीएम चन्नी पर बीएसएफ को अधिकार क्षेत्र देने वाले बयानों पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या अब उनकी केंद्रीय मंत्रियों से साठगांठ हो गई है।

# जिला किसान कांग्रेस की संयुक्त बैठक संपन्न, लोकसभा की तैयारियों को लेकर हुआ मंथन

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला किसान कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक डोंगरगांव स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में राजनांदगांव जिला संगठन के अलावा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों ने भी इसमें शिरकत की। बैठक में मुख्य रुप से स्थानीय कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाए जाने और जमीनी कार्यकर्ताओं को महत्व दिए जाने पर चर्चा हुई।

डोंगरगांव में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने आगामी लोकसभा चुनावों में सक्रियता और एकजुटता की बात कही। उन्होंने कहा कि-विधानसभा चुनाव में जिले में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन दुर्भाग्य से राज्य के अन्य हिस्सों में हम पिछड़ गए। इसकी समीक्षा करते हुए, कारणों को समझते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियां करनी है।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि-विधानसभा चुनाव के दौरान किसान कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्रों में किसान रथ के माध्यम से लोगों तक कांग्रेस सरकार की योजनाओं और विचारधारा को पहुंचाया। गांव-गांव इस अभियान से लोग जुड़े और इसका नतीजा चुनाव में हमारे पक्ष में निकलकर आया। जिले में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया। राजनांदगांव में हमें जो हार मिली वह डॉ. रमन सिंह और भाजपा के धन बल का नतीजा है। उन्होंने कहा कि

**आवश्यक मुद्दों पर हुई खुली चर्चा, सभी ने मिलकर जीत का आह्वान किया**

आगामी लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस अपना प्रदर्शन जिले में दोहराएगी और इस बार यहां से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पक्की है। जिला किसान कांग्रेस केसीजी के अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वे आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि-सक्रिय कार्यकर्ताओं को भागीदार बनाना होगा, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री व जिपं सदस्य महेंद्र यादव ने भी जमीनी कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देने की बात कही। उन्होंने भाजपा को काला झूठ सफेद बनाकर परोसने वाली पार्टी कहा।

ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी साहू ने दूसरे दलों से कांग्रेस में आने वाले नेताओं को मिलने वाली अधिक तरजीह की खिलाफत की। उन्होंने कहा कि-संगठन के लिए सालों साल मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने लोकसभा में स्थानीय कांग्रेसी को मौका दिए जाने की बात का भी उल्लेख किया। इसी तरह ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, मदनमोहन साहू ने भी बैठक में अपनी बातें रखें और लोकसभा चुनाव में जीत का आह्वान किया।

उक्त बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव अध्यक्ष मदन साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री महेंद्र यादव, जिला किसान कांग्रेस केसीजी अध्यक्ष कामदेव जंघेल, जिला किसान कांग्रेस एमएमसी अध्यक्ष उदेराम साहू, ब्लॉक अध्यक्षद्वय चुम्मन साहू, चेतन साहू, गणेश साहू, देवलाल वर्मा, गिरधारी लाल साहू, जयचंद ठाकुर, महामंत्रीद्वय गिरीश सोनवानी, राजेंद्र साहू, मीडिया प्रभारीद्वय पुरुषोत्तम साहू, गौतम वर्मा, अशोक साहू, कमलेश साहू, रामकुमार साहू, भूषण साहू, पवन साहू, चतुर नेताम, केजूराम साहू, लालचंद साहू, लालचंद साहू, मोहन साहू सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# कलेक्टर ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी की ली बैठक



**○ शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण से लाभान्वित किसानों के जीवन स्तर एवं कृषि प्रणाली में हुये सकारात्मक परिवर्तन से होंगे अन्य कृषक प्रेरित**

**○ शहर में मॉर्डन आईस्क्रीम पार्लर खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी बैठक ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम स्तर पर किसानों से चर्चा कर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, रेशमपालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदर्शन, शैक्षणिक भ्रमण एवं कृषक समूह निर्माण गतिविधियों के साथ आवश्यक रोजगार मूलक कार्यों को सम्मिलित करते हुये कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण से लाभान्वित किसानों का प्रशिक्षण विषयवार डाटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण उपरांत किसानों के जीवन स्तर एवं कृषि प्रणाली में हुये सकारात्मक परिवर्तन का प्रचार-प्रसार अन्य कृषकों तक किया जा सके। जिससे अन्य किसान भी सफल किसानों की भांति लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण और प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने क्षेत्र के अन्य किसानों को नई तकनीक और आधुनिक खेती-किसानी के प्रति जागरूक किया हो, ऐसे विकासखंड स्तर के 5 उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शहर में मॉर्डन आईस्क्रीम पार्लर खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ कोदो-रागी की इडली, चीला, अंबाड़ी जूस, बेल जूस एवं जैविक सब्जी-फल, दूध का भी विक्रय किया जाएगा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत स्ट्रॉबेरी की खेती कट फ्लावर आदि की खेती की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य विभाग को मांगुर मछली, प्रॉन कल्चर को वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, उप आयुक्त सहकारिता श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, वेटनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. ममता मेश्राम, फिशरीज इंसपेक्टर श्रीमती वर्तिका ठाकुर, प्रोजेक्ट असिस्टेंट कृषि विज्ञान केन्द्र जितेन्द्र मेश्राम उपस्थित थे।

# लापरवाहीपूर्वक डीजे बजाने वाले वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही

खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में प्रदेश में स्कुल बच्चों की वार्षिक परिक्षा का ध्यान में रखते हुऐ, जिले की यातायात व्यवस्था एवं लाउण्ड स्पीकर व डीजे संचालकों को सुचारु से कोलाहाल अधिनियम को ध्यान में रखते हुए संचालित करने जिले के सभी थानों को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसके परिपालन में थाना खैरागढ़ पेट्रोलिंग पार्टी के साथ शहर भ्रमण के दौरान कोलाहाल अधिनियम के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन क्रमांक सीजी 08 एए 8626 डीजे साउण्ड सिस्टम को जप्त किया जाकर चालक सुरेश कुमार वर्मा पिता राधेलाल वर्मा उम्र 42 साल निवासी दिलीपपुर थाना खैरागढ़ के द्वारा लापरवाहीपूर्वक डीजे बजाकर वाहन चलाते वाले के विरुद्ध कोलाहाल अधिनियम की उल्लंधन की धारा 4,5,15 छ0ग0 कोलाहाल नियंत्रण अधिनियम तहत वैधानिक कार्यवाही कर इस्तगशा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जिससे न्यायालय द्वारा शुल्क 1000 रूपये अर्थ से दण्डित किया है तथा सभी डीजे संचालकों को सूचित कर शुक्रवार 16 फरवरी को मीटिंग रखा गया था। जिसमें सभी डीजे संचालकों को हिदायत दिया गया, कि स्कूलों में वार्षिक परिक्षा संचालित किया जा रहा है। जिससे छ0ग0 कोलाहाल नियंत्रण अधिनियम नियमो का पालन करें। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे नही बजाने एवं रैली जुलूस में बिना अनुमति आदेश का डीजे बजाने की बात कही गई तेज अवाज व वाईब्रेट पर विराम लगाने में अपनी सहयोगिता प्रदान करने की आग्रह किया।




**छग कोलाहाल नियंत्रण अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही**

# महिला सेल खैरागढ़ के सार्थक प्रयासों से ज्योति लहरे का गृहस्थ जीवन टूटने से बचा

खैरागढ़ (दावा)। बीते दिनों ग्राम भोथी चौकी जालबांधा की रहने वाली ज्योति लहरे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। कि इनके पति मनोज लहरे द्वारा घरेलू पारिवारिक बातों को लेकर शराब पीकर आए दिन झगड़ा विवाद करता है। जिससे परेशान होकर आवेदिका विगत 4 महीने से अपने छोटे बच्चे को लेकर मायके में रह रही थी।

यहां बताना लाज़मी होगा कि दोनों का विवाह सामाजिक रिती रिवाज अनुसार हुआ था। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भापुसे) जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई, नेहा पाण्डेय अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मामला नवविवाहिता एवं पति पत्नी के मध्य होने से महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन के दोनों पक्षों का काउंसलिंग कर उनकी समस्या का निराकरण करने निर्देश प्राप्त हुआ था।



ज्योति लहरे 4 महीने से अपने मायके में छोटे बच्चे के साथ रह रही थी, पति पत्नी की पुनर्मिलन गढ़ेगा एक नया इतिहास

जिसके परिपालन में दोनों पक्षों का काउंसलिंग आयोजित किया गया। पति-पत्नी को समझाईश दिया गया बाद दोनों पक्षों द्वारा एक साथ जीवन व्यतीत करने की मंशा जाहिर किए। इस प्रकार ज्योति लहरे और उसका पति मनोज लहरे की वैवाहिक जीवन तबाह होने से बच गई। पति पत्नी ने अपने पुनर्मिलन कराने पर छत्तीसगढ़ पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित करते समाज में अपनी छाप छोड़ने की दावा किया।

उपरोक्त काउंसलिंग आयोजन कार्यवाही में महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, सउनि. सविता वर्मा, महिला सेल की पुरी टीम की सराहनीय योगदान रही।

# 60 वां महाअधिवेशन बेमेतरा में संपन्न हुआ

बेमेतरा (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 का 60 वां वार्षिक महाधिवेशन 10 एवं 11 फरवरी 2024 को मां भद्रकाली की पावन भूमि में जोन क्र. 3 बेमेतरा के आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

केंद्रीय मीडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया प्रथम दिन भव्य रैली निकाली गई। जिसमें आए हुए छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए हुए स्वजातीयगण तलवार चलाकर राजपूती शान का परिचय दिया धुमाल बैंड रथ में सवार होकर महासभा के पदाधिकारी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। इस दो दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम में सामाजिक विषयो पर चर्चा परिचर्चा की गयी। इसके अलावा महासभा में वर्ष भर किये आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी कोषाध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा प्रतिवेदन के रूप में प्रस्तुतिकरण किया गया। सांस्कृतिक परिषद महासभा के नेतृत्व मे बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महाराणा प्रताप साहित्य परिषद के द्वारा शौर्य पत्रिका का विमोचन किया गया। प्रतिभावान एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी सदस्यों का सम्मान किया गया।



महासभा प्रचार सचिव/ जोन प्रभारी बेमेतरा घनश्याम सिंह चौहान ने कहा की अधिवेशन की तैयारी एक महापूर्वा सभी जोन उप समिति के पदाधिकारी तथा बेमेतरा उप समिति के पदाधिकारी अथक महेनत से यहां कार्यक्रम सफल हुआ। महासभा के अध्यक्ष ठा.बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष अश्वनी राजपूत, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, महासचिव विष्णु सिंह बघेल, सहसचिव कमलेश राजपूत, उपसचिव प्रवेश ठाकुर, संगठन सचिव ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, प्रसार सचिव जोन प्रभारी बेमेतरा घनश्याम सिंह चौहान, केंद्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजपूत, केंद्रीय महिला सचिव श्रीमती छाया ठाकुर, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत राजपूत, केंद्रीय युवा सचिव विकास राजपूत साहित्य परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र राजपूत सचिव होमेश्वर प्रताप सिहं सांस्कृतिक परिषद के सचिव निखिल क्षत्रिय मिडिया के साथी रोहिताश भुवाल,अवीनाश ठाकुर, प्रांशु क्षत्रिय, डॉ.विष्णु सिहं, लोकेश्वर सिहं, नीरज राजपूत, ललित ठाकुर समाज के प्रमुख पदाधिकारी गण महिला मंडल के पदाधिकारी और युवा मंडल, उपसमिति के पदाधिकारी का तथा लाखों समाजिक कार्यकर्ता अधिवेशन में उपस्थित थे। प्रताप एवं समस्त केन्द्रीय पदाधिकारीयो के कुशल नेतृत्व में शानदार समापन हुआ।

60 वें अधिवेशन दूसरा दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू तथा साजा के विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे उन्होंने अपने आज भोजन में कहा कि राजपूतों का इतिहास पुराना है और आज भी क्षत्रिय वंश समाज की महती भूमिका में अपना स्थान और पहचान अलग बनाए हुए हैं। कार्यक्रम के अच्छे आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किये। महासभा के पूर्व अध्यक्ष ठा.जयसिह बघेल, ठा.उजियार सिंह ठा.होरी सिंह डौंड़, पूर्व विधायक द्वय ठा.राजू सिंह क्षत्रिय,तखतपुर एवं ठा.अवधेश चंदेल बेमेतरा अन्य समस्त पूर्व केन्द्रीय पदाधिकारीयों, सभी स्वजातीय बंधुओं, समस्त उपसमिति से उपस्थित पदाधिकारी गण, समस्त महिला मण्डल, युवा मण्डल, महाराणा प्रताप साहित्य परिषद एवं सांस्कृतिक परिषद के सभी पदाधिकारीयो, स्वास्थ्य शिविर आयोजन करने वाले डॉ.प्रीति सिंह, एवं मिडिया, तलवार साफा तथा साहित्य परिषद, परिचय पत्र जैसे अनेक काउंटर भी लगाए गए थे महाराणा प्रताप ज्योति कलश को ससम्मान अधिवेशन स्थल तक लेकर आने वाले उपसमिति राजिम के सभी पदाधिकारियों एवं सभी मीडिया प्रभारियों को, 60वे वार्षिक अधिवेशन की सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई।

# पदुमतरा के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा 10 मार्च को - ओमप्रकाश साहू



**श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल**

राजनांदगांव (दावा)। पदुमतरा में श्रीराम मंदिर में 10 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा के लिए श्री राम मंदिर ट्रस्ट ने लोगों को न्योते देने शुरू कर दिए हैं। मंदिर के निर्माण कार्यों की तैयारी जोरो-शोरो से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा के सुअवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, कसडोल विधायक संदीप साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, पुष्पा वर्मा समेत कई वीवीआईपी अतिथियों को ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित किया गया है।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया मंदिर निर्माण का कार्य अंतिम चरण पर है। मंदिर का निर्माण सबके सहयोग से किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। 10 मार्च को विशाल श्री राम मंदिर, भोलेनाथ व नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने पूरे क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया जा है व 11 मार्च से 17 मार्च रामकथा का आयोजन किया है। प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा श्रीयुत आचार्य पं.युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के द्वारा संपन्न होगा। ट्रस्ट के सदस्य कार्यक्रम को विशाल रूप देने में कोई कसर नही छोड़ना चाह रहे है।

# फतेह मैदान एवं सांस्कृतिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ आयोजन

**आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लोगों ने ली शपथ, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी सहित आमनागरिक हुए शामिल**

खैरागढ़ (दावा)। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है।

इसी कड़ी में नगर पालिका खैरागढ़ द्वारा आज शुक्रवार को राजा फतेह सिंह खेल मैदान और सांस्कृतिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान करीब 400 लोग केंद्र सरकार की अलग-अलग फ्लैगशिप स्कीम से लाभान्वित होने के लिए अपना आवेदन देकर पंजीयन कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लिए 45, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 41, पीएम विश्वकर्मा योजना के 85, पीएम स्वनिधि योजना 25, आयुष्मान कार्ड योजना के 81 आवेदन सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन मिले है।



शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक एवं सामाग्री वितरण किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को अनुज्ञा, 3 हितग्राहियों को मुद्रा एवं 3 हितग्राहियों स्वनिधि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राही मूलक और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही शिविर में अमलीडीह कला निवासी कुमारी उत्तरा वर्मा और शंकर निषाद को मोट्राईज ट्राईसिकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जप्त से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल एवं सीएमओ प्रमोद शुक्ला, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# नीरज विद्या मंदिर में ग्रेजुएशन सेरेमनी

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सिटी ब्रांच) में ग्रेजुएशन सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी (के.जी.-2) के बच्चों को शाला परिवार द्वारा आकर्षक तोहफे दिए गए। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान, प्रशासक जी.राम सिन्हा एवं पालकगण विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति विद्यार्थियों ने दी। बच्चों ने 'वी शैल ओवर कम' गीत के ज़रिए प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि नौनिहालों की पढ़ाई के क्षेत्र में अब एक नई शुरूआत होगी। प्री-प्रायमरी से प्रायमरी में आना बच्चों के लिए एक पड़ाव तय करने के बराबर होता है। उन्होंने संस्था की भावी कार्य-योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि सीबीएसई की मंशा को ध्यान में रखते हुए अध्ययन-अध्यापन कार्य को नए ढंग से मूर्त रूप दिया जा रहा है। अध्ययन के क्षेत्र में प्री-प्राइमरी के बाद प्राइमरी की कक्षाएँ महत्त्वपूर्ण होती है, उन्होंने बच्चों को अपनी शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने प्रेरक उद्बोधन में 'संस्कार' की महत्ता को रेखांकित किया। साथ ही इन बच्चों के प्रति अपने लगाव को एक अलग ही अंदाज में प्रस्तुत किया। बच्चों ने प्रेरक गीतों की समधुर प्रस्तुति दी। के.जी.टू के बच्चों के लिए आकर्षक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों ने संस्था को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। के.जी.टू के बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। केक काटकर बच्चों ने अपनी खुशियों का इजहार किया। अंत में फोटोसेशन हुआ। नवनिहालों को संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, समीर पोद्दार, नीरज कोटड़िया, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित ने अपनी अनन्य शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सैयद नूरजहाँ, श्रीमती आशा साहू, श्रीमती सुनिता जैन, श्रीमती प्रीति शर्मा , श्रीमती श्वेता देवांगन, श्रीमती शिल्पा कलचुरी एवं श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। मंचीय व्यवस्था संगीत शिक्षक द्वय डोमेश्वर सिन्हा, शरद मेश्राम एवं शिक्षक नवीन देवांगन ने बखूबी संभाली। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में घनश्याम तिवारी ने दी।




**प्री-प्राइमरी के बच्चों को दी गई विदाई**

# जैन मुनि आचार्य विद्यासागर म.सा. ने ली समाधि

## छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश में आधे दिन का राजकीय शोक दिवस घोषित

डोंगरगढ़ (दावा)। दिगंबर मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने शनिवार 17 फरवरी को देर रात 2:35 बजे अपना शरीर त्याग दिया। इसके पूर्व आचार्य श्री द्वारा विश्व प्रसिद्ध डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में आचार्य पद का त्याग करने के साथ 3 दिन का उपवास कर मौनधारण कर लिया था। आचार्य श्री के शरीर त्यागने की खबर मिलते ही जैन समाज के लोग डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में बड़ी संख्या में पहुंचने लगे।

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज का डोला चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ में दोपहर 1 बजे निकाला गया। आचार्य श्री को चन्द्रगिरि तीर्थ पर ही पंचतत्व मे विलीन किया गया। आचार्य श्री का अंतिम दर्शन लाभ लेने भक्तजनों का जन सैलाब उमर पड़ा। आचार्य श्री का प्रभाव समाज के सभी वर्गों में व्यापक रूप से था। समाधि में लीन होने की कल्पना किसी को नहीं थी। अंतिम यात्रा में आचार्य श्री का दर्शन लाभ लेने भक्तजनों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

### प्रधानमंत्री मोदी सहित अनेक ख्याति नाम शख्सियत प्रभावित थे आचार्य श्री से

विधानसभा चुनाव के दौरान नवंबर माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी व्यवस्था के बीच आचार्य श्री का दर्शन लाभ लेने चंद्रगिरी तीर्थ पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा देश-विदेश के ख्याति नाम शख्सियत आचार्य श्री से प्रभावित थे। विश्व धरोहर के रूप में स्थापित चंद्रगिरी तीर्थ की आधारशिला रखी थी आचार्य श्री ने डोंगरगढ़ क्षेत्र में सीमित जनसंख्या वाले जैन समुदाय की भावना को बल देते हुए आचार्य श्री ने सामाजिक गानों को हिम्मत बंधाई कि वे विश्व के मानचित्र में स्थापित होने वाले भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ करें। आचार्य श्री के आभामंडल का ही प्रभाव था कि जैन समुदाय के छोटे से समूह ने हिम्मत जुटाई और शीघ्र ही विशाल भौगोलिक क्षेत्र में मंदिर का निर्माण प्रारंभ हुआ, जो अपने निर्माण के पूर्व ही, अल्प समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना लिया। आचार्य श्री के चंद्रगिरी तीर्थ में प्रवास के दौरान देखा गया है कि, प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण उनके दर्शन लाभ के लिए पहुंचते थे। यह उन्हीं का प्रताप था कि शहर में सीमित जनसंख्या वाले जैन समुदाय ने विश्व प्रसिद्ध धरोहर की स्थापना डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में करने का बीड़ा उठाया। सामाजिक गणों की भावना थी कि आचार्य श्री के रहते मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो सकें। इसी भावना को ध्यान में रखकर मंदिर निर्माण का कार्य 24 घंटे जारी रखा गया था। सामाजिक गणों को इस बात का अफसोस रहेगा की गुरु जी के रहते मंदिर का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका। लेकिन इस बात की संतुष्टि रहेगी की गुरु जी ने अपनी अंतिम सांस चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में ली।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश-विदेश के ख्याति नाम शख्सियत आचार्य श्री से प्रभावित हुए



### मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- देश के लिए अपूरणीय क्षति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश-दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से पल्लवित करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य, उनके त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि मुझे कई बार विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हथकरघा और गौ सेवा का उन्होंने जो अभियान चलाया वो भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने वाला था। आचार्य जी का जीवन जीवो के कल्याण के लिए था। वे भले ही भौतिक रूप से उपस्थित नही हो लेकिन उनकी शिक्षा और संस्कार हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

## डोंगरगढ़ के चन्द्रगिरि में अंतिम संस्कार, भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

### छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सरकार ने राजकीय शोक घोषित किया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर मुनिराज जी के ब्रम्हलीन होने पर उन्हें नमन किया है। राज्य शासन की ओर से वर्तमान के वर्धमान कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन मुनि संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज के सम्मान में आज छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इसके साथ ही राजकीय समारोह और कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगा।

मध्यप्रदेश सरकार ने भी आचार्य श्री के समाधि लेने पर आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए।

### कर्नाटक में हुआ था जन्म

आचार्य श्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता श्री मल्लप्पा थे जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता श्रीमंती थी जो बाद में आर्यिका समयमति बनी। विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी जो आचार्य शांतिसागर शिष्य थे। आचार्य विद्यासागर जी को 22 नवम्बर 1972 में ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था, केवल विद्यासागर जी के बड़े भाई ग्रहस्थ है। उनके अलावा सभी घर के लोग संन्यास ले चुके है। उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने आचार्य विद्यासागर से दीक्षा ग्रहण की और मुनि योगसागर जी और मुनि समयसागर कहलाये।

### उच्च शिक्षित व विभिन्न भाषाओं के ज्ञानी थे आचार्य श्री

आचार्य विद्यासागर संस्कृत सहित विभिन्न आधुनिक भाषाओं हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते थे। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत के विशाल मात्रा में रचनाएँ की हैं। सौ से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है। उनके कार्य में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूक माटी की भी रचना की है। विभिन्न संस्थानों में यह स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। आचार्य विद्यासागर जी कई धार्मिक कार्यों में प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि क्षमासागर ने उन पर आत्मान्वेषी नामक जीवनी लिखी है। इस पुस्तक का अंग्रेज़ी अनुवाद भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित हो चुका है। मुनि प्रणम्यसागर ने उनके जीवन पर अनासक्त महायोगी नामक काव्य की रचना की है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पीएम मोदी हुए भावुक, दी गई श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री आचार्य के समाधि लेने पर भावुक हुए। उन्होंने कहा कि वह पिछले साल के अंत में डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि जैन मंदिर की अपनी यात्रा को कभी नहीं भूल सकते हैं। उस समय उन्होंने महाराज जी के साथ समय बिताया था। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पीएम मोदी ने कहा, नड्डा जी के माध्यम से मैं आप सबका अभिनंदन करता हूं। आज मैं समस्त देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य पूज्य विद्यासागर महाराज को श्रद्धा और आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी समाधि लेने की सूचना मिलने के बाद उनके अनुयायी शोक में हैं। हम सभी शोक में हैं।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने एमपी के मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने समाधि स्थल पहुंचकर लिया आशीर्वाद



राजनांदगांव (दावा)। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने आज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य कुमार काश्यप एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन तथा संत व अन्य गणमान्य नागरिक डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जैन समाज सहित अन्य समाज के नागरिक पहुंचे। मध्यप्रदेश शासन श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संत प्रवर आचार्य विद्यासागर जी का देवलोक गमन रात्रि को हुआ। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के लिए ऐसे संत का रहना पुण्य का कारण रहा है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने समर्पित भाव से मानवता की सेवा की। हम सभी उनके बताए आदर्शों एवं मार्ग का अनुसरण करें।

## विद्यासागर महाराज के अंतिम दर्शन के लिए आ रहे अनुयायियों की कार नहर में गिरी, तीन लोगों की मौत, मध्यप्रदेश के रहने वाले थे सभी





राजनांदगांव(दावा)। मध्यप्रदेश के सतना जिले से जैन मुनि विद्यासागर महाराज के अंतिम दर्शन के लिए डोंगरगढ़ चंद्रगिरि आ रहे जैन समाज के तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के सालेकसा थाना क्षेत्र के ग्राम पनगांव के पास दोपहर 12 बजे की है। कार में छह लोग सवार थे, जिसमें से तीन आशीष जैन (आशीष ट्रेडर्स), जितेंद्र जैन (अशोक टाकीज परिवार) और प्रशांत जैन (अनंत निलयम परिवार) की मौत हो गई। वहीं तीन लोग वर्धमान जैन, अप्पू जैन व अंशुल जैन को घटना में मामूली चोट लगी है। तीनों सुरक्षित है। सालेकसा पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### तेज थी कार की रफ्तार

पुलिस सूत्रों की मानें तो डोंगरगढ़ चंद्रगिरि आने निकली कार की रफ्तार काफी तेज थी। सालेकसा पनगांव-मुंडीपार के बीच पुजारीटोला बांध के नहर के पास कार अनियंत्रित हो गई।

रफ्तार अधिक होने के कारण गति पर कंट्रोल नहीं कर आए और कार सीधे नहर में जा गिरी। सूचना मिलते ही आसपास गांव के लोग वहां पहुंचे और कार में सवार लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं तीन लोग सुरक्षित थे। तीनों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी गई।

घायलों ने बताया कि जैन मुनि के देह त्यागने की सूचना मिलते ही सुबह साढ़े पांच से छह बजे के बीच सभी कार से डोंगरगढ़ के लिए निकले थे। सभी एमपी सतना के निवासी है।

### जैन समाज में शोक

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रम्हलीन होने की सूचना के बाद जैन समाज में शोक का माहौल रहा। इस बीच महाराष्ट्र के सालेकसा के पास सड़क हादसे में समाज के तीन लोगों की मौत ने समाज के लोगों को गमगीन कर दिया। बताया गया कि कार पर सवार छह में से पांच को ड्राइविंग आती थी। हादसा कैसे हुआ, इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस का मानना है कि रफ्तार अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी है। हालांकि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## पारींकला माल गोदाम की गुणवत्ताहीन बन रही सड़क... ग्रामवासी आक्रोशित

### विरोध में आज कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेल्वे स्टेशन का माल गोदाम निकटस्थ ग्राम पारींकला में लगभग बन चुका है। लेकिन पहुंच रोड अभी तक नहीं बन पाया है। काफी जद्दोजहद के बाद ग्राम वासियों से समझौते के पश्चात जी.ई. रोड के पारींकला गांव पहुंच मार्ग से लेकर रेल्वे माल गोदाम तक पक्की रोड बनना जारी है। लेकिन ग्रामवासी उसे गुणवत्ताहीन बताते हुए रोष प्रकट की है और इस संबंध में आज सोमवार को 11 बजे उक्त मामले को लेकर ग्रामवासी कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे है। ग्रामवासियों ने कोतवाली थाने में भी लिखित शिकायत की है।

पारींकला ग्राम के उप-सरपंच रंजनदास साहू, शीतला प्रसाद आदि ने बताया कि रेल्वे गुड शेड तक बन रही सड़क में ठेकेदार द्वारा कांक्रीटीकरण वाली पक्की रोड निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। जिससे इन्हें घोर आपत्ति है। ग्रामवासियों का कहना है कि रेल्वे अधिकारियों से गांव से गुजरने वाली उक्त रोड के लिए 60 फूट चौड़ी सड़क का मांग किए थे। लेकिन मात्र 42 फूट बन रहा है। क्राक्रीटीकरण 39 फुट का हो रहा है। इससे ग्राम वासियों में आक्रोश है। बताया गया कि अगर बरसात में अच्छी बारिश होगी तो रोड पूरा ढह जाएगा। यही नहीं रोड के उंचा होने से आसपास के खेत में मिट्टी युक्त पानी भर जाएगा जिससे किसानों को नुकसानी होगी। ग्रामवासियों ने बताया कि चूंकि उक्त सड़क से भारी माल वाहने गुजरनी है अतः उसकी मजबूती के लिए इंजीनियर द्वारा 4 इंच बेस डाले जाने की बात कही गई थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा मात्र 2 इंच बेस डाल कर पैसा बचाया जा रहा। सड़क निर्माण में बगैर छड़ इस्तेमाल किए डाले घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सड़क को गुणवत्ता हीन बनाया जा रहा है। जिससे आगे चलकर सड़क में दरारे आ सकती है जो ग्राम वासियों के लिए परेशानी का कारण सिद्ध होगा। इस संबंध में पारींकला ग्रामवासी आज कलेक्ट्रेट का घेराव करने का मन बना लिया है और 11 बजे पूरे ग्रामवासी उपस्थित होकर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त विषय में उचित कार्रवाई करने के लिए अपील करेंगे।

> रेल्वे गोदाम तक ग्राम पारींकला से होकर गुजरने वाली पक्की सड़क का निर्माण कार्य जारी है। ग्रामवासियों ने उक्त कांक्रीटीकरण वाली सड़क में पानी कम डालने की शिकायत की थी, अतः पर्याप्त मात्रा में पानी डलवाने का काम शुरू करवा दिया गया है। वहां बीचो-बीच डिवाइडर के साथ 12 बाई 12 की पक्की सड़क बन रही है। जिसके दोनों ओर 8-8 फीट के सर्विस लाईन बनने जा रहा है। ग्रामवासियों की शिकायत समझनी पड़ेगी।
>
> **- आकाश शर्मा, रेल्वे इंजीनियर (राजनांदगांव)**

## आज शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर निकलेगी हिन्दू शौर्य यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति ने बताया कि छत्रपति शिवाजी जन्म उत्सव के शानदार चौथे वर्ष के इस के अवसर पर सनातन धर्म के संरक्षक, अखंड भारत की नींव रखने वाले, शिरोमणि हिंदू ह्रदय सम्राट महाराज छत्रपति शिवाजी की जयंती राजनांदगांव में शिवाजी जन्म उत्सव 2024 हिंदू शौर्य यात्रा के रूप में मनाई जा रही है, हम सभी सनातनियों से निवेदन है एक जुट होकर शौर्य प्रदर्शन करते हुए।

इस यात्रा में शामिल होने की अपील करते है, राजनांदगांव

**आज महावीर चौक से निकलेगी 'हिंदू शौर्य यात्रा'**



जिले के सभी धर्मप्रेमी, हिन्दू संगठन एवं समाज के भाई बहन सादर आमंत्रित है।

दिनांक 19 फरवरी समय दोपहर 2बजे से एकत्रीकरण होगा उसके पश्चात दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, महावीर चौक से शहर भ्रमण होगा। कार्यक्रम का रूट कुछ इस प्रकार है महावीर चौक, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आरती कर यात्रा जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर(महाकाल) चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना, सदरबाजार, भारतमाता चौक से कामठी लाइन जाकर, हमाल पारा, गुड़ाखु लाइन, सिनेमा लाइन से पुनः मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुद्वारा चौक से शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति की महाआरती एवं प्रसादी वितरण कर समाप्त होगी, कार्यक्रम की वेशभूषा भगवा या पीले रंग में पारंपरिक वेशभूषा रखी गयी है, छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति राजनांदगांव सभी धर्मप्रेमियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर संस्कारधानी को हिंदू मई में करने की अपील किया है।

## संस्कारधानी की जनता के स्वदेशी मेले में मिले प्यार से स्वदेशी मंच रोमांचित हुआ




राजनांदगांव(दावा)। शनिवार 17 फरवरी को स्वदेशी मेले में जनता का प्यार देखने को मिला। भारी मात्रा में राजनांदगांव की जनता ने स्वदेशी मेले का आनंद लिया और स्वदेशी उत्पादों को क्रय करते हुए मेले की प्रशंसा भी की। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत अध्यक्ष जगदीश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता स्वदेशी मेले की सफलता पर निर्भर है और प्रसन्नता का विषय है कि अब जनता डिजिटल युग में जागरूक होते जा रही है। इसके पीछे प्रिंट मीडिया तथा सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका भी है। लोग अब सामान खरीदने में भी देश की भलाई को समझने लगे हैं।

स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डढढा एवं योगेश बागड़ी ने बताया कि पूरे देश से विभिन्न स्वदेशी उत्पाद मेले में लगाए गए हैं। 100 से अधिक दुकानों के माध्यम से लाखों की संख्या में स्वदेशी उत्पाद मेले में उपलब्ध हैं, जिसे जनता पसंद कर रही है और जनता के बढ़ते हुए प्यार से वह अभिभूत है। मेले के सह संयोजक राजा मांखीजा एवं किशुन यदु जिले की सभी जनता से मेले में उपस्थित का आवाहन भी किया है।

### रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम

शनिवार को दोपहर 2:00 बजे से आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक श्रद्धा पोपट एवं रितेश देवांगन ने परिणाम घोषित करते हुए जानकारी दी की, प्रथम वर्ग में 12 से 17 वर्ष के प्रतिभागी शामिल किए गए थे जिसमें प्रथम स्थान दिव्या वर्मा आत्मज दोहश कुमार वर्मा, द्वितीय स्थान महक शर्मा आत्मज दीपक शर्मा तृतीय स्थान तनिष्का चौरसिया आत्मज संदीप चौरसिया रही, इसी तरह वर्ग 17 वर्ष से अधिक लोगों के लिए था, जिसमें प्रथम स्थान अजय चौरसिया आत्मज पूनम चंद चौरसिया, द्वितीय स्थान लोकेश लारिया आत्मज सुनील लारिया, तृतीय स्थान शारदा अग्रवाल पति लोकेश अग्रवाल जी रही। इसी तरह श्रीफल सजाओ प्रतियोगिता के प्रभारी वर्षा सिन्हा, एकता अग्रहरि एवं करुणा राजपूत ने बताया कि सीनियर ग्रुप में ज्योति गायधने, प्रथम रही। द्वितीय स्थान श्रद्धा साहू ने प्राप्त किया, तृतीय स्थान शारदा अग्रवाल ने प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में डिंपल यादव एवं डिंपल चौरसिया प्रथम रही, द्वितीय स्थान डार्विन साहू ने हासिल किया।

### शिक्षा व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आगमन होगा

स्वदेशी मेला के सोशल मीडिया प्रभारी तथा प्रचार प्रसार प्रभारी रवि सिन्हा एवं कमल सोनी ने बताया कि सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आगमन एवं मेले को आशीर्वाद प्राप्त होगा। साथ में बमलेश्वरी ट्रस्ट, डोंगरगढ़ के ट्रस्टी मनोज अग्रवाल एवं विधायक भावना बोहरा का भी मेले में आगमन होगा।

### राजकीय शोक के कारण रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द रहे

स्वदेशी मेले के संयोजक कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि परम आदरणीय राष्ट्रहित संत जैन मुनि विद्यासागर जी के डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी क्षेत्र में समाधि लेने के कारण रविवार को छत्तीसगढ़ शासन ने राजकीय शोक घोषित किया था, जिसके कारण स्वदेशी मेले के सभी सांस्कृतिक एवं मंच के कार्यक्रम आज रद्द किए गए। उन्होंने बताया को सोमवार के कार्यक्रम पूर्ववत रहेंगे।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे

### स्वदेशी मेले में शामिल होंगे



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय विपणन संघ द्वारा स्टेट हाईस्कूल में लगाए गए स्वदेशी मेले के चौथे दिवस पर उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी, विधि और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव आज राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। स्वदेशी मेले के संयोजक कोमल सिंह राजपूत एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डडढा ने बताया कि 16 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक आयोजित इस मेले में आज सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का स्वदेशी मेला को मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**किराये से देना है**

**फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।**

पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव

संपर्क करें
79991-61135
81037-58669

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com